रजिस्ट्री सं० डी एल—33001/92

REGISTERED NO. DL—33001/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 19, 1992 (अग्रहायण 28, 1914)

No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 19, 1992 (AGRAHAYANA 28, 1914)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई-400021, दिनांक 30 नवंबर 1992

नोटिस

सं० एस० बी० डी०/002667—भारतीय स्टेट बैंक (सहयोगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 32 के निबंधानुसार भारतीय स्टेट बैंक ने श्री के० थानु पिल्लै, मुख्य महाप्रबंधक को स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद के प्रबंध निदेशक के पद पर स्थानापन्न कार्य करने के लिए 1 दिसंबर 1992 से अगले आदेश तक नियुक्त किया है।

वी० महादेवन,
प्रबंध निदेशक

STATE BANK OF INDIA
CENTRAL OFFICE

Bombay-400021, the 30th November, 1992

NOTICE

No. SBD/002667—In terms of Section 32 of State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959, the State Bank of India have appointed Shri K. Thanu Pillai, Chief General Manager to officiate for the Managing Director, State Bank of Hyderabad from the 1st December 1992 until further orders.

V. MAHADEVAN,
Managing Director

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

44वीं वार्षिक रिपोर्ट

1991-92

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 35 के अधीन निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट

नई दिल्ली-110001, दिनांक 3 जुलाई 1992
सं० औ० वि० नि०/बोर्ड व समे०/44वीं वा० म० स०/92

1. परिचालन वातावरण एवं परिदृश्य

1.01 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (भाऔविनि) का निदेशक बोर्ड 31 मार्च, 1992 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षित लेखा-विवरण सहित भाऔविनि के क्रियाकलापों के बारे में 44वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है।

1.02 वर्ष 1991-92 विश्व तथा भारत के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तनों का वर्ष रहा। 1991-92 में भाऔविनि के परिचालनों, कार्य-निष्पादनों और कार्य-परिणामों के परिप्रेक्ष्य में यह श्रेयस्कर होगा कि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, विश्वव्यापी आर्थिक परिदृश्य तथा भारत में विद्यमान परिचालनात्मक आर्थिक एवं औद्योगिक वातावरण और भावी संभावनाओं की संक्षिप्त रूपरेखा पर विचार किया जाए।

(क) विश्वव्यापी आर्थिक स्थिति

1.03 1991 में भी लगातार तीसरे वर्ष विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिति कमजोर रही। 1990 में 1.5% की साधारण वृद्धि के पश्चात् वर्ष 1991 में सभी क्षेत्रों में विश्व उत्पादन 0.3% कम हो गया। सर्वाधिक विकसित बाजार अर्थ-व्यवस्थाओं में उत्पादन या तो कम हो गया अथवा अवरुद्ध हो गया और पूर्वी यूरोप में एवं पूर्ववर्ती सोवियत संघ, जो अब रूस और 11गणराज्यों के रूप में विघटित हो गया है, तथा स्वतन्त्र राज्यों के राष्ट्रकुल के रूप में जिनका नामकरण किया गया है, में यह अचानक काफी नीचे गिर गया। विकासशील देशों, विशेषत: लेटिन अमरीका और अफ्रीका में उत्पादन की स्थिति जनसंख्या-वृद्धि की तुलना में मुश्किल से बराबर रही। जनवरी/फरवरी, 1991 में पश्चिम एशिया में हुए खाड़ी युद्ध से जान-माल का बहुत अधिक नुकसान हुआ।

1.04 हाल ही में हुए संयुक्त राष्ट्र अध्ययन के अनुसार, 1991 में, श्रीलंका और बंगलादेश में भी आर्थिक विकास की गति कम होकर 3% हो गई लेकिन पाकिस्तान में यह लगभग 5% बनी रही। समग्र रूप से, दक्षिण एवं पूर्व एशिया में विकास दर 6.3% से कम होकर 5.4% रह गई। परन्तु, कोरिया गणराज्य में 9% और थाईलैंड में 8% की विकास दर रिकार्ड की गई जबकि फिलीपीन्स में प्राकृतिक विपदाओं सहित अनेक कारणों से विकास लगभग रुक गया। चीन में आई विनाशकारी बाढ़, जिससे अवस्थापना सुविधाओं को भारी नुकसान हुआ, के कारण कृषि उत्पादन में वृद्धि की स्थिति 2% से भी कम रही। लेकिन, चीन में पिछले वर्ष की प्रथम तीन तिमाहियों में उससे पूर्ववर्ती वर्ष की इसी अवधि की तुलना में औद्योगिक उत्पादन में 14% की वृद्धि हुई जिससे इसकी समग्र आर्थिक विकास दर 6% हो गई।

1.05 संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यू एन सी टी ए डी) ने 1991की अपनी व्यापार एवं विकास रिपोर्ट में बताया है कि 1992 में अधिकांश क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति में सुधार होगा परन्तु इस सुधार की मात्रा विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग होगी। पूर्वी एशिया में बेहतर प्रगति की संभावना है जबकि उच्च व्यापारोन्मुख देश निर्यात की घटी हुई मांग और घरेलू क्षमता अवरोध की समस्याओं के कारण नुकसान उठाते रहेंगे। तेल के उच्चतर आयात बिलों, विदेशों में कार्यरत कामगारों से प्राप्त होने वाले धन में कमी तथा पर्यटकों से प्राप्त राजस्व में कमी के कारण दक्षिण एशियाई देशों में 1992 के दौरान खाड़ी संकट के पूर्ण प्रभाव महसूस किए जाएंगे। संभावना है कि चीन अपने आर्थिक विकास की गति को बनाए रखेगा लेकिन उसे तैयार माल के संचयन और सरकारी उद्यमों के बढ़ते हुए अशोध्य ऋणों से सम्बन्धित समस्याओं का सामना करना होगा।

1.06 आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने आशा व्यक्त की है कि यूरोप की आर्थिक विकास दर 1991 के 1.2% की तुलना में 1992 में 2% होगी। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन के अनुसार, विश्व की सर्वाधिक बड़ी अर्थव्यवस्था, संयुक्त राज्य अमरीका में 1992 में विकास दर 2.2% होने की संभावना है किन्तु मंदी की स्थिति में वसूली कम और धीमी हो सकती है। अनुमान है कि 1992 में मुद्रा स्फीति 1991के 4% से कम होकर 3.6% हो जाएगी और चालू लेखा घाटा 1980 के दशक से कम रहेगा।

1.07 संभावना है कि जापान की विकास दर 1992 में तेजी से कम होकर 2.4% हो जाएगी, जो 1991 में इससे लगभग दुगुनी थी, लेकिन 1993 में यह पुन: बढ़ कर 3.5% हो जाएगी। इसके व्यापार एवं भुगतान-संतुलन अधिशेष में वृद्धि होने की संभावना है, जबकि 1986 से 1990 तक ये लगातार कम होते रहे। उपभोक्ता मूल्य में वृद्धि पिछले वर्ष के 3.25% की तुलना में कम होकर 1992 में 2.5% होने की आशा है।

1.08 विश्व अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों के बावजूद प्रतीत होता है कि वर्ष 1992 और 1993 में विकास संभावनाएं अच्छी रहेंगी। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) का पूर्वानुमान है कि अधिकांश क्षेत्रों में 1991 की तुलना में, 1992 में बेहतर आर्थिक प्रगति होगी। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन के अनुसार अगले दो वर्षों में विश्व भर की वाणिज्य-व्यवस्था में पुन: सुधार आएगा क्योंकि विकासशील अर्थव्यवस्थाएं वर्तमान मंदी से धीरे-धीरे उबर रही हैं। जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ एंड ट्रेड (जीएटीटी) में सहमति से इस प्रक्रिया को और अधिक तेज करने का मार्ग प्रशस्त होगा, किन्तु फिलहाल तो स्थिति संदेहास्पद प्रतीत होती है।

(ख) भारतीय अर्थव्यवस्था—1991-92

1.09 भारत में, वर्ष 1991-92 की शुरूआत अभूतपूर्व आर्थिक संकट से हुई। केन्द्र में अनिश्चितता की स्थिति के परिणामस्वरूप सरकार में हुए परिवर्तन तथा खाड़ी संकट के कारण भुगतान संतुलन की शोचनीय स्थिति उत्पन्न हो गई जिससे विश्व के वित्तीय बाजारों में भारत की साख में गिरावट आई। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था की विकास दर में महत्वपूर्ण कमी आई जिसका कारण अंशत: कृषि उत्पादन में कमी तथा अंशत: औद्योगिक विकास की गति कम होना है। जून 1991 के अन्त में विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियां कम होकर 2,383 करोड़ रुपए (1.1 बिलियन अमरीकी डालर) रह गई तथा अगस्त, 1991 के चौथे सप्ताह में मुद्रास्फीति की वार्षिक दर 16.7% तक पहुंच गई। विभिन्न वृहत्-आर्थिक परिवर्ती आंकड़ों के अनन्तिम प्राक्कलन से ज्ञात होता है कि वर्ष 1991-92 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीएनपी) में लगभग 2.5% की वृद्धि होगी जबकि 1990-91 में यह वृद्धि 5.8% थी। सारणी-1 में भारतीय अर्थ-व्यवस्था के कुछ महत्वपूर्ण आर्थिक सूचकांक दिए गए है।

सारणी : 1 चुनिंदा आर्थिक सूचकांक

मद तुलना में परिवर्तन	यूनिट	(अवधि : अप्रैल-मार्च)			पिछले वर्ष की	प्रतिशत
		1989-90	1990-91*	1991-92**	1990-91	1991-92
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1. सकल राष्ट्रीय उत्पाद : (स्थायी लागत पर) वर्तमान मूल्यों पर	करोड़ रुपये	3,92,524	4,15,290	4,25,670	5.8	2.5
2. प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद (वर्तमान मूल्य)	रुपये	4,749	4,919	4,943	3.6	0.4
3. कृषि उत्पादन त्रिवार्षिक सूचकांक-1979-82=100 के अन्त में		142.4	147.0	146.3	3.2	(—)0.5
4. औद्योगिक उत्पादन	सूचकांक-आधार 1980-8-100	196.4	213.1	211.2	8.5	(—)0.9
5. विद्युत उत्पादन (केवल उपयोग)	बिलियन किलो वाट प्रति घंटा	245.4	264.2	286.7	7.8	8.5
6. निर्यात	करोड़ रुपये	27,681	32,533	43,828	17.6	34.6
7. आयात	करोड़ रुपये	35,416	43,193	47,797	22.0	10.7
8. व्यापार घाटा	करोड़ रुपये	7,735	10,640	3,969	37.6	(—)62.7
9. प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियां	करोड़ रुपये	5,787	4,388	14,578	(—)24.2	232.2
10. थोक मूल्य सूचकांक (औसत)	आधार 1981-82=100	171.1	191.8	216.4	12.1	12.8
11. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक कामगार) (मार्च)	आधार 1982=100	177.0	201.0	229.0	13.6	13.9
12. चुनिंदा उद्योगों का उत्पादन:						
(क) कोयला (भूरे कोयले को छोड़कर)	मिलियन टन	200.9	211.6	229.0	5.2	8.3
(ख) अपरिष्कृत पैट्रोलियम	मिलियन टन	34.1	33.0	30.4	(—)3.2	(—)7.8
(ग) तैयार इस्पात	मिलियन टन	13.0	13.4	14.5	3.1	8.2
(घ) उर्वरक	मिलियन टन	8.5	9.0	9.9	5.9	10.0
(ङ) सीमेंट	मिलियन टन	45.8	48.4	53.1	5.7	9.7
13. रेलवे द्वारा राजस्व-अर्जक यातायात	मिलियन टन	310.0	318.4	338.0	2.7	6.2
14. प्रमुख बन्दरगाहों पर माल का लदान-उतार	मिलियन टन	148.1	152.6	160.0	3.0	4.8
15. मुद्रा पूर्ति (मुद्रा)	करोड़ रुपए	2,30,950	2,65,436	3,17,196	14.9	19.5
16. बैंक प्रवत्त उधार	करोड़ रुपए	1,01,453	1,16,301	1,24,788	14.6	7.3
17. वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमा	करोड़ रुपए	1,66,959	1,92,542	2,30,458	15.3	19.7

स्रोत : आर्थिक सर्वेक्षण, 1991-92 सीएमआईई

* अनन्तिम आंकड़े

** अनुमान अनन्तिम

कृषि क्षेत्र

1.10. 1991-92 के दौरान खाद्यान्नों के उत्पादन का लक्ष्य 182.50 मिलियन टन निर्धारित किया गया था। हालांकि, 1991 में मानसून सामान्य रहा किन्तु जून, 1991 के मध्य से काफी समय के लिए इसकी स्थिति प्रतिकूल हो जाने तथा बाद में अगस्त, 1991 के अन्त तक इसके अनिश्चित व्यवहार के कारण विशेष रूप से भारत के उत्तरी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कृषि परिचालन प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए। 1991-92 के दौरान 171 मिलियन टन के प्रत्याशित कुल खाद्यान्न उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 3% से अधिक की गिरावट परिलक्षित होगी। सामूहिक रूप से गैर-खाद्यान्नों के उत्पादन में, 1990-91 की तुलना में 1991-92 के दौरान 1.79% की मामूली वृद्धि होने की संभावना है। अतः समग्र कृषि उत्पादन में 1991-92 के दौरान 0.5% से 1% तक की कमी होने की संभावना है जबकि 1990-91 में 3.2% की वृद्धि हुई थी।

औद्योगिक क्षेत्र

(i) प्रमुख क्षेत्र

1.11 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई। अप्रैल-फरवरी, 1992 के दौरान, औद्योगिक उत्पादन के सामान्य सूचकांक में 0.4% की कमी परिलक्षित हुई जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में इसमें 8.5% की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई थी। इस अधोमुखी प्रवृत्ति का मुख्य कारण है—निर्माण क्षेत्र में पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 9.6% की वृद्धि के विपरीत 2% की गिरावट। यद्यपि खनन एवं खदान क्षेत्र में, पूरे वर्ष के दौरान वृद्धि स्थिर रही किन्तु विद्युत क्षेत्र में, पिछले वर्ष की इसी अवधि में 7.4% की वृद्धि की तुलना में 8.3% की उच्चतर वृद्धि दर रिकार्ड की गई।

1.12 निर्माण क्षेत्र में, यद्यपि दो उद्योग समूहों अर्थात् पेय और तम्बाकू उत्पादों तथा अधातु खनिज उत्पादों में त्वरित वृद्धि रिकार्ड की गई, छः उद्योग समूहों अर्थात् खाद्य उत्पादों, सूती वस्त्रों, पटसन, हेम्प एवं मेस्ता उत्पादों, कागज एवं कागज उत्पादों, रसायन एवं रसायन उत्पादों और मूल एवं मिश्र धातुओं में घटी हुई विकास दर रिकार्ड की गई। नौ उद्योग समूहों अर्थात् वस्त्र उत्पादों, लकड़ी व लकड़ी उत्पादों, चमड़ा एवं फर उत्पादों, रबड़ प्लास्टिक, पेट्रोलियम व कोयला उत्पादों, धातु उत्पादों एवं पुर्जों, मशीनरी एवं मशीनी औजारों, विद्युत मशीनरी व उपकरणों, परिवहन उपस्करों, आदि क्षेत्रों में कमी रिकार्ड की गई।

(ii) प्रमुख उद्योग

1.13 एकीकृत इस्पात संयंत्रों द्वारा विक्रेय स्टील का उत्पादन 10.06 मिलियन टन रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुए 9.31 लाख टन के उत्पादन से 8.1% अधिक है। सीमेंट का 53.1 मिलियन टन उत्पादन हुआ जिससे 9.7% की वृद्धि रिकार्ड की गई जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि 5.7% थी। उपर्युक्त वृद्धि अधिकांशतः निजी क्षेत्र के बड़े संयंत्रों से हुई जिनका कुल सीमेंट उत्पादन में 80% से भी अधिक योगदान रहा। उर्वरकों (नाइट्रोजिनेंस एवं फास्फेट) का उत्पादन पिछले वर्ष के 9.05 मिलियन टन की तुलना में 9.87 मिलियन टन रहा जिससे 9.1% की वृद्धि परिलक्षित हुई। यद्यपि, नाइट्रोजन उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट आई, परन्तु फास्फेटिक उर्वरकों के उत्पादन में वृद्धि की प्रवृत्ति दिखाई दी।

1.14 यद्यपि कास्टिक सोडा का 10.18 लाख टन का उत्पादन, पिछले वर्ष के दौरान 9.83 लाख टन के उत्पादन से 3.6% अधिक रहा, लेकिन सोडा ऐश के उत्पादन की प्रवृत्ति अनिश्चित रही और इस उद्योग को अतिरिक्त क्षमता, कम मांग एवं माल संचयन की समस्याओं का सामना करना पड़ा। परिणामस्वरूप 13.28 लाख टन सोडा ऐश का संचयी उत्पादन पिछले वर्ष के दौरान 14.16 लाख टन के उत्पादन से 6.2% कम रहा।

1.15 सूती तथा मिश्रित धागे का 1,781.6 मिलियन कि० ग्रा० का उत्पादन पिछले वर्ष के 1,795.2 मिलियन कि० ग्रा० के उत्पादन से 0.8% कम रहा। मिल-निर्मित कपड़े के उत्पादन में निरन्तर गिरावट आती रही तथा 2,370.7 मिलियन मीटर का उत्पादन पिछले वर्ष के 2,590.9 मिलियन मीटर के उत्पादन से 8.5% कम रहा। 127 लाख टन का चीनी उत्पादन पिछले वर्ष के 118.6 लाख टन के उत्पादन से 7.1% अधिक रहा। ऑटोमोटिव उद्योग पर अवमूल्यन, आयात की बढ़ी हुई लागत, ऋण संकुचन आदि पहलुओं का प्रतिकूल प्रभाव पड़ा जिससे वाहनों की कीमतें बढ़ गई। परिणामस्वरूप, 1991-92 में ऑटोमोटिव वाहनों के उत्पादन में 1990-91 की तुलना में कमी परिलक्षित होगी।

1.16 जहां तक क्षमता उपयोग का सम्बन्ध है, पूंजीगत माल और उपभोक्ता टिकाऊ सामान विशेष रूप से प्रभावित हुए। पूंजीगत माल-उद्योग मुख्यतः सरकारी निवेश में कमी आने से प्रभावित हुआ। जुलाई, 1991 में विनिमय दर समायोजन के परिणामस्वरूप आयातित इनपुट की उच्च लागत तथा आयात पर कड़े दबाव के कारण आयात की अनुपलब्धता का उपभोक्ता टिकाऊ सामान उद्योग पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस रिपोर्ट के **परिशिष्ट-I** में वर्ष 1991-92 के लिए 59 चुनिंदा औद्योगिक उत्पादों की प्रतिस्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग का प्रतिशत और उनके सम्बन्ध में भाऔविनि की 529 चित्तपोषित संस्थाओं से सम्बन्धित आंकड़े, उनसे प्राप्त निष्पादन रिपोर्टों के आधार पर दिए गए हैं।

(iii) अवस्थापना

1.17 अवस्थापना क्षेत्रों के काम-काज में मिश्रित प्रवृत्ति परिलक्षित हुई। वर्ष के दौरान, कोयले के उत्पादन एवं प्रेषण में क्रमशः 8.3% एवं 10.5% की वृद्धि हुई। परन्तु, पिटहेड स्टॉक 21% बढ़ा जिससे एक बार फिर कोयले के लदान और ढुलाई में तेजी लाने की आवश्यकता महसूस की गई। विद्युत उत्पादन में 8.5% की वृद्धि हुई। ताप एवं नाभिकीय विद्युत उत्पादन में 11.1% तथा पन बिजली उत्पादन में 1.4% की वृद्धि हुई। औसत संयंत्र भार घटक 53.8% से बढ़कर 55.3% हो गया। कच्चे तेल का उत्पादन 33.03 मिलियन टन से घटकर 30.44 मिलियन टन हो गया। कुल रिफाइनरी कच्चे तेल में समग्र रूप से 0.35 मिलियन टन की गिरावट आई तथा रिफाइनरियों की क्षमता के उपयोग में 1.8% की कमी हुई। पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.5% गिरावट आई। रेलवे द्वारा की गई माल ढुलाई में विगत वर्ष की तुलना में 6.2% की वृद्धि हुई।

(ग) नीतिगत सुधार

1.18 विश्व के अनेक भागों में व्यापक परिवर्तनों एवं नए घटनाक्रमों के फलस्वरूप नई सरकार, जिसने जून, 1991 में कार्य-भार ग्रहण किया था,

ने भुगतान सन्तुलन की व्यवहार्यता बहाल करने तथा मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के प्रयोजन से बृहत आर्थिक स्थिरता कार्यक्रम को तेजी से कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक उपाय किए। सरकार ने संरचनात्मक सुधार के लिए एक दूरगामी कार्यक्रम आरम्भ किया जिसमें अर्थव्यवस्था की क्षमता में सुधार लाने एवं उसकी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से औद्योगिक एवं व्यापारिक नीतियों में साहसिक पहल भी शामिल थी।

औद्योगिक नीति

1.19 24 जुलाई, 1991 को घोषित नई औद्योगिक नीति में उद्योग को मूल रूप से विनियमित करने पर बल दिया गया ताकि अपेक्षाकृत अधिक सक्षम एवं प्रतिस्पर्द्धात्मक औद्योगिक अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा दिया जा सके। औद्योगिक नीति सम्बन्धी सुधारों के केन्द्रीय तत्व इस प्रकार हैं:—

(i) जिन 18 उद्योगों को नीति या पर्यावरण की दृष्टि से विशेष महत्व दिया गया है या जो उद्योग ऐसे सामान का उत्पादन कर रहे हों जिसमें बड़े पैमाने पर आयातित सामग्री का उपयोग किया गया हो, को छोड़कर, सभी के लिए औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया गया।

(ii) बड़ी कम्पनियों द्वारा क्षमता विस्तार अथवा विशाखन करने के लिए पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता को समाप्त करने हेतु एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार (एम०आर०टी०पी०) अधिनियम को संशोधित किया गया।

(iii) सभी नयी परियोजनाओं के लिए चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रमों की अपेक्षाओं को समाप्त कर दिया गया।

(iv) सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित क्षेत्रों को कम करके उन 8 क्षेत्रों तक सीमित कर दिया गया जो समरनीति और सुरक्षा सम्बन्धी मामले से सम्बन्धित हैं तथा प्राथमिक एवं मूलभूत उद्योगों में निजी क्षेत्र की अधिकाधिक भागीदारी के लिए अनुमति दी गई।

(v) दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले 23 नगरों को छोड़कर, परियोजनाओं के स्थान के लिए सरकार से अनुमति प्राप्त करने के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया।

(vi) अनिवार्य संपरिवर्तनीय खण्ड, जिसके अन्तर्गत वित्तीय संस्थानों को दीर्घकालीन ऋण के एक भाग को नई परियोजनाओं के लिए इक्विटी में संपरिवर्तित करने की सुविधा दी गई थी, को अगस्त, 1991 से समाप्त कर दिया गया।

(vii) रुग्ण एवं अव्यवहार्य उद्यमों के कामगारों को सुरक्षा कवच प्रदान करने तथा उनको पुनः प्रशिक्षित एवं पुनः नियोजित करने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उद्योग में प्रौद्योगिकी परिवर्तन एवं आधुनिकीकरण की लागत का वहन मजदूरों को न करना पड़े, 200 करोड़ रुपये की राशि से एक राष्ट्रीय नवीकरण कोष स्थापित किया गया है।

1.20 औद्योगिक नीतियों में सुधार के साथ-साथ ही प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के आगम को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये गये :—

(i) प्राथमिकता वाले विविध उद्योगों में विदेशी इक्विटी धारिता की सीमा 40% से बढ़ाकर 51% कर दी गई। ऐसी विदेशी इक्विटी भागीदारी को अब भारतीय रिजर्व बैंक का स्वतः अनुमोदन प्राप्त है।

(ii) गैर-प्राथमिकता वाले उद्योगों में निवेश की प्रक्रिया को सरल एवं कारगर बना दिया गया है। बड़ी अन्तर्राष्ट्रीय फर्मों से समझौता करने तथा इस सम्बन्ध में अपेक्षित अनुमति शीघ्र प्राप्त करने के लिए विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफ० आई० पी० बी०) की स्थापना की गई। विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड 51% से अधिक विदेशी इक्विटी भागीदारी वाले अलग-अलग मामलों पर भी विचार करता है।

(iii) प्राथमिकता वाले उद्योगों के लिए प्रौद्योगिकी आयात, अन्तर्देशीय बिक्री के 5% तक तथा निर्यात बिक्री के 8% तक अथवा एक करोड़ रुपये तक की एक मुश्त राशि के भुगतान हेतु रायल्टी की अदायगी स्वतः अनुमोदित मानी जाएगी।

1.21 सरकार द्वारा अगस्त, 1991 में लघु, अति-लघु एवं ग्रामीण उद्यमों के उन्नयन एवं उन्हें सुदृढ़ आधार प्रदान करने के लिए नीति सम्बन्धी महत्वपूर्ण कदम उठाये गये, जो इस प्रकार हैं :—

(i) अति लघु इकाइयों के सम्बन्ध में संयंत्र एवं मशीनरी पर निवेश की सीमा को 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया।

(ii) इन उद्योगों की, पूंजी बाजार तक पहुंच की व्यवस्था करने तथा आधुनिकीकरण एवं प्रौद्योगिकी उन्नयन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लघु उद्योगों की कुल शेयरधारिता की 24% तक की इक्विटी भागीदारी के लिए अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों को अनुमति दी गई।

(iii) लघु क्षेत्र के लिए जोखिम पूंजी की मात्रा में वृद्धि के लिए एक लिमिटेड भागीदारी अधिनियम पेश किया जाएगा।

(iv) लघु उद्योगों को किए जाने वाले भुगतान में विलम्ब की समस्या को सुलझाने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के माध्यम से फेक्टरिंग सर्विसिज की स्थापना की जाएगी।

(v) 10 लाख रुपये तक की परियोजनाओं को 15% तक इक्विटी सहायता के लिए राष्ट्रीय इक्विटी कोष योजना के दायरे को विस्तृत किया गया।

(vi) सिंगल विण्डो ऋण योजना को व्यापक बनाया गया ताकि इसके अन्तर्गत 10 लाख रुपये तक की कार्यशील पूंजी वाली 20 लाख रुपये की परियोजनाओं को भी शामिल किया जा सके।

(vii) राज्य वित्तीय निगमों एवं राज्य लघु उद्योग विकास निगमों के द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले मिश्रित ऋण व्यावसायिक बैंकों द्वारा भी दिए जाने की व्यवस्था की गई।

व्यापार-नीति

1.22 विदेश व्यापार पर नियमनों एवं लाइसेंस नियंत्रण की मात्रा को कम करने के साथ-साथ निर्यात में वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से व्यापार नीति में नई पहल कदमियां की गई। 4 जुलाई, 1991 को व्यापार नीति में किए गए महत्वपूर्ण सुधार निम्नानुसार हैं :—

(i) रिप्लेनिशमेंट लाइसेंसों के स्थान पर एक्जिम स्क्रिप्स नामक एक नया प्रलोभ शुरू किया गया और उसे निर्यात के मूल्य के आधार पर अथवा निर्यात से हुई निवल विदेशी मुद्रा अर्जन के आधार पर, कुछ ऐसे विशेष उत्पादों को छोड़कर जो कि अतिरिक्त 10% बिन्दुओं की श्रेणी में आते हैं, पोस पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 30% की मूल दर पर जारी किया गया। एक्जिम स्क्रिप्स को मुक्त रूप में बेचा-खरीदा जाना था तथा इन्हें, निर्यात बिक्री की वसूली के बाद ही जारी किया जाना था। (रुपए की आंशिक परिवर्तनीयता लागू करने के साथ एक्जिम स्क्रिप को पहली मार्च, 1992 से वापस ले लिया गया।)

(ii) ड्यूटी मुक्त दरों पर निर्यातकों द्वारा आयातित सामग्री प्राप्त करने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के उद्देश्य से निर्यात हेतु अग्रिम लाइसेंस प्रणाली को सुगम बनाया गया। कुछ विशिष्ट प्रभाव क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़े की वस्तुएं और इंजीनियरिंग उद्योगों के मामले में सामान्य मुद्रा क्षेत्र को निर्यात हेतु हस्तान्तरणीय अग्रिम लाइसेंस सम्बन्धी एक नई प्रणाली लागू की गई।

(iii) जिन मामलों में पूंजीगत माल का आयात विदेशी इक्विटी के अन्तर्गत हो अथवा वे संयंत्र एवं उपकरण के मूल्य के 25% परन्तु 2 करोड़ रुपये की सीमा के अन्दर हों, वहां पूंजीगत माल के आयात के लिए अनुमति प्राप्त करने का प्रावधान समाप्त कर दिया गया।

(iv) एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (ई०पी०जेड) तथा शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुख इकाइयां सम्बन्धी योजना को, ई० पी० जेड के विकास आयुक्त को और अधिक शक्तियां प्रत्यायोजित करके सुदृढ़ बनाया गया।

(v) आयात एवं निर्यात की जाने वाली अनेकों ऐसी मदें जो कि विशिष्ट सार्वजनिक क्षेत्र की एजेन्सियों के माध्यम से आयातित निर्यातित होती थीं उन्हें अब इस व्यवस्था से मुक्त कर दिया गया।

(vi) निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयोजन हेतु 51% की विदेशी इक्विटी से व्यापार केन्द्र स्थापित करने की अनुमति प्रदान की गई।

(vii) निर्यातकों को, अनुमोदित बैंकों में विदेशी मुद्रा खाते खोलने तथा विदेशी ऋण जुटाने, ऐसे खातों से निर्यात सम्बन्धी आयातों हेतु भुगतान और ऐसे खातों में निर्यात से हुई बिक्री को जमा करने की अनुमति दी गई।

राजकोषीय सुधार

1.23 1991-92 में राजकोषीय प्रबन्ध का केन्द्र-बिन्दु देश के समक्ष विद्यमान अभूतपूर्व राजकोषीय संकट की चुनौतियों का सामना करना था। केन्द्र सरकार का 1991-92 का बजट राजकोषीय असंतुलन को ठीक करने की दिशा में अनिवार्य रूप से पहला कदम था। बजट में राजकोषीय घाटे को 1990-91 के संशोधित प्राक्कलन में सकल घरेलू उत्पाद के 8.4% से कम करके उसे 1991-92 में 6.5% से अधिक न होने देने का प्रावधान किया गया। सरकारी व्यय को नियंत्रित करने, राजस्व में वृद्धि करने, कुल कर राजस्व में प्रत्यक्ष करों के हिस्से में कमी की प्रवृत्ति को रोकने, विशिष्ट खपत को रोकने, स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने, औद्योगिक क्षेत्रों, विशेषकर निर्यातोन्मुख उद्योगों की प्रतिस्पर्धा को बेहतर बनाने के लिए उपाय किये गये। कुछ नीतिगत महत्वपूर्ण उपायों में उर्वरक उप सहायता में कमी करना, निर्यात हेतु नकद प्रतिपूरक सहायता को समाप्त करना, कुछ चुने हुए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की 20% सरकारी इक्विटी को विनिवेशित करके म्युचुअल फंड्स को सौंपना, मोटर स्पिरिट की कीमतों में 20% की वृद्धि करना और दरों में समायोजन करना आदि शामिल हैं।

सरकारी क्षेत्र में सुधार

1.24 1990-91 में सरकारी क्षेत्र के काम-काज की स्थिति में तेजी से गिरावट आई तथा समस्त गैर विभागीय केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का निवल लाभ (कर-पश्चात) जो कि 1989-90 में 3,789 करोड़ रुपए तक था, घटकर 2,368 करोड़ रुपए रह गया। चूंकि 1991-92 के दौरान भी काम-काज की स्थिति खराब ही रही अतः यह आवश्यक हो गया कि उत्पादकता और लाभप्रदता में महत्वपूर्ण सुधार लाया जाए। सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को बजटीय सहायता कम कर दी गयी तथा उनसे कहा गया कि वे अपने परिचालनों में वित्तीय अनुशासन बनाये रखें।

1.25 वर्ष के दौरान, सरकार ने विकास के लिए गैर-मुद्रास्फीतिय वित्त जुटाने के उद्देश्य से सरकारी वित्तीय संस्थानों और पारस्परिक निधियों के माध्यम से सरकारी क्षेत्र की इक्विटी के एक हिस्से को आम जनता के बीच सीमित रूप से विनिवेशित किया। इस बात को स्वीकार करते हुए कि सरकारी क्षेत्र की अनेक इकाइयों की गम्भीर समस्या उनकी रुग्णता है, सरकार ने रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 1985 को संशोधित किया ताकि इसके अधिकार क्षेत्र में सरकारी क्षेत्र की इकाइयां भी आ जाएं।

वित्तीय नीति

1.26 वित्तीय क्षेत्र हमारे आर्थिक क्रियाकलापों का केन्द्र बिन्दु है और इसके स्वास्थ्य से सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। 14 अगस्त, 1991 को श्री एम० नरसिम्हम् की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा गठित एक उच्चस्तरीय समिति द्वारा इसके कामकाज की समीक्षा की गई। इस समिति ने

एक समेकित पैकेज की सिफारिश की है जिसका उद्देश्य पोर्टफोलियो गुणवत्ता में सुधार लाने, परिचालन में अधिकाधिक लचीलापन लाने, कामकाज में स्वायत्तता प्रदान करने और विवेकपूर्ण मानदण्डों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के साथ-साथ वित्तीय सेवा उद्योग में कार्य-क्षमता, प्रतिस्पर्द्धा उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाना है। वित्तीय प्रणाली के स्वास्थ्य में सुधार के लिए समिति द्वारा सुझाए गए उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं :—

— मृदुल आर्थिक स्थिरता के अनुकूल स्तर तक राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए सरकार के निर्णय के अनुरूप सांविधिक नकदी निधि अनुपात (एस० एल० आर०) में कमी-एस० एल० आर० को पांच वर्षों की अवधि के दौरान क्रमबद्ध रूप से कम करके 25% कर दिया जाए;

— प्रारक्षित नकदी अनुपात (सी० आर० आर०) में कमी;

— ब्याज दर की संरचना को युक्तिसंगत बनाना तथा सरकारी उधारों के लिए बाजार निर्धारित दरों को क्रमिक रूप से स्वीकार करना;

— पूंजी की पर्याप्तता, आय की मान्यता, लेखांकन एवं वित्तीय प्रावधान सम्बन्धी नीतियों के मानदण्डों का अनुपालन;

— परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण निधि स्थापित करके बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के तुलन पत्रों को सुस्पष्ट बनाने के लिए संस्थानात्मक व्यवस्था;

— बैंकिंग प्रणाली की संरचना को चार स्तरीय व्यापक पद्धति अर्थात् अन्तर्राष्ट्रीय बैंक, राष्ट्रीय बैंक, स्थानीय बैंक तथा ग्रामीण बैंक के रूप में विकसित किया जाए;

— भविष्य में बैंकों का राष्ट्रीयकरण न किया जाए और न ही निजी क्षेत्र में नए बैंकों की स्थापना पर कोई रोक लगाई जाए;

— न्यूनतम निर्धारित पूंजी और पारस्परिकता की अपेक्षाओं को बरकरार रखने की शर्त के अधीन विदेशी बैंकों से सम्बन्धित नीति को और अधिक उदार बनाया जाए।

मुद्रा एवं ऋण नीति

1.27 वर्ष के दौरान, मुद्रा एवं ऋण सम्बन्धी नीति उच्च मुद्रास्फीति एवं भुगतान-संतुलन की कठिन स्थिति के परिप्रेक्ष्य में निर्धारित की गई। आयात को नियंत्रित करने तथा अर्थव्यवस्था की कुल मांग में कमी लाने के प्रयासों में भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 1991-92 की प्रथम छमाही में मुद्रा सम्बन्धी उपायों का एक नया पैकेज प्रारम्भ किया। दिनांक 3 जुलाई, 1991 से बैंक दर में एक प्रतिशत की वृद्धि कर के उसे 10% से 11% कर दिया गया। तदनुरूप, भारतीय रिजर्व बैंक से लिए जाने वाले ऋणों की अन्य सभी दरों को भी, जो कि विशेष रूप से बैंक दर से जुड़ी हैं; जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए, एक प्रतिशत बिन्दु तक बढ़ा दिया गया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक अपने उधार परिचालनों का वित्तपोषण अपने संसाधनों से ही करें तथा उन्हें वैकल्पिक बचत उपकरणों के माध्यम से प्रतिस्पर्द्धा के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से, 4 जुलाई, 1991 से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सावधि निक्षेप दरों में समग्र रूप से एक प्रतिशत बिन्दु की वृद्धि की गई। इसके अतिरिक्त दो लाख रुपए की सीमा से अधिक की उधार दरों को बढ़ाकर 17% (न्यूनतम) से 18.5% (न्यूनतम) कर दिया गया। मुद्रा बाजार को उदार बनाने के उपायों में बैंकों द्वारा निक्षेप प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रतिशत सीमा को बैंकों के कुल निक्षेप के 3% से बढ़ाकर 5% करना शामिल है। वाणिज्यिक पत्र (सी० पी०) जारी करने से सम्बन्धित दिशानिर्देशों को भी उदार बनाया गया।

1.28 भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 1991-92 की अन्तिम छमाही के व्यस्त दौर में घोषित ऋण नीति में बैंक दर 11% से बढ़ाकर 12% कर दी गई जिसके फलस्वरूप 9 अक्तूबर, 1991 से समग्र रूप से उधार दरें 1.5% तक बढ़ा दी गई जो कि दीर्घकालीन ऋणों एवं कार्यशील पूंजी दोनों के लिए पहले लागू 10% से 18.5% के मुकाबले न्यूनतम 11.5% से 20% (ब्याजकर को छोड़कर) के बीच कर दी गई। 24 माह तक की अवधि के सावधि निक्षेपों पर ब्याज दरें और अधिक बढ़ा दी गई तथा लदान-पूर्व एवं लदान-पश्च उधार पर ब्याज दर को भी बढ़ा दिया गया। 9 अक्तूबर, 1991 से खाद्य ऋण के पुनर्वित्तपोषण की सुविधाएं, वैकल्पिक वित्तपोषण, 182 दिनों के खजाना बिल पुनर्वित्तपोषण और विवेकानुसार पुनर्वित्तपोषण सुविधाएं समाप्त कर दी गई। उपभोक्ता वस्तुओं, भू-सम्पदाओं, शेयरों एवं डिबेन्चरों पर अग्रिमों और गैर अग्रता क्षेत्र वाले अन्य व्यक्तिगत ऋणों हेतु उधार पर भी पाबन्दी लगा दी गई।

1.29 1991-92 में लागू उधार नियंत्रण के अन्य उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं—(क) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निवल मांग एवं सावधि देयताओं की वृद्धि पर 3 मई, 1991 की स्थिति से 10% वृद्धि शील प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात निर्धारित करना, (ख) 9 मई से 30 सितम्बर, 1991 तक एक करोड़ रुपए तथा उससे अधिक राशि उधार लेने वाले बड़े ऋणियों की प्रभावी आहरण शक्ति को परिसीमित करना तथा (ग) संवेदनशील मूल्य वाली आवश्यक वस्तुओं जैसे गेहूं, चावल/धान, कपास एवं दालों के लिए बैंक अग्रिमों के कतिपय ऋण नियंत्रणों के दायरे को विस्तृत/कम करना। मार्च-अप्रैल, 1991 में आयात के लिए बैंक से प्राप्त बिल पर निर्धारित न्यूनतम नकद मार्जिन की उच्चतर सीमा में, विदेशी मुद्रा भण्डार में क्रमिक सुधार होने तथा आवश्यक आयातों के लिए निर्यातकों की सहायता के उद्देश्य से, कमी आई।

1.30 1991-92 की प्रथम छमाही में अपनाई गई भारतीय रिजर्व बैंक की ऋण नीति के फलस्वरूप अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निवल मांग एवं सावधि देयताओं के सांविधिक नकदी निधि अनुपात (एस० एल० आर०) तथा प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात (सी० आर० आर०) क्रमशः 38.5% एवं 15% पर अपरिवर्तित रहे। केन्द्र सरकार के सकल राजकोषीय घाटे में प्रत्याशित गिरावट को देखते हुए तथा नरसिम्हम् समिति की सिफारिशों (ऊपर पैरा 1.26 में उल्लिखित) को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक ने निर्णय लिया कि दिनांक 3 अप्रैल, 1992 की स्थिति के अनुसार बकाया निवल मांग एवं सावधि देयताओं (अनिवासी देयताओं को छोड़कर) के स्तर तक सांविधिक नकदी निधि अनुपात 38.5% पर स्थिर रहेगा तथा निवल मांग एवं सावधि देयताओं में 3 अप्रैल, 1992 के स्तर से अधिक होने पर सांविधिक नकदी निधि अनुपात 30% होगा। अनिवासी देयताओं के सम्बन्ध में 30% का सांविधिक नकदी निधि अनुपात अपरिवर्तित रहेगा।

1.31 भुगतान संतुलन की स्थिति में सुधार होने तथा मुद्रास्फीति के दबावों में कमी के संकेत को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने दो लाख रुपए से अधिक की ऋण सीमाओं पर 2 मार्च, 1992 से उधार-दर में एक प्रतिशत बिन्दु की कमी करके उसे 20% (न्यूनतम) से 19% (न्यूनतम) करने का निर्णय लिया। इसके अलावा अमरीकी डालर की ब्याज दरों में अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में हुए परिवर्तनों के फलस्वरूप भारतीय रिजर्व बैंक ने यह निर्णय लिया है कि 2 मार्च, 1992 से निर्यातकों को 6.5% (पहले के 8.5% के स्थान पर) की दर से लदान-पश्च निर्यात उधार अमरीकी डालरों में प्रदान किया जाएगा तथा बैंकों को 7.5% (पहले के 9.5% के स्थान पर) 133⅓% तक पुनर्वित्तपोषण सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

पर्यावरण सम्बन्धी नीति

1.32 कतिपय विकासात्मक गतिविधियों के फलस्वरूप बड़े पैमाने पर भू-क्षरण, जल एवं वायु प्रदूषण के कारण पर्यावरण के अपकर्षण से वातावरण पर अत्यधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। ये न केवल वनों, वनस्पतियों, आर्द्र भूमि, नदियों, झीलों इत्यादि को ही नष्ट कर रहे थे, बल्कि पशुओं और मानव दोनों प्रकार के प्राणियों के स्वास्थ्य एवं अस्तित्व को भी प्रभावित कर रहे थे। पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता को ध्यान में रखते हुए नयी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और विद्यमान इकाइयों के विस्तार एवं आधुनिकीकरण सहित समस्त विकासात्मक कार्यों के लिए अनिवार्यत: पर्यावरण सम्बन्धी अनुमोदन की आवश्यकता होगी जो कि पहले केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों, पन बिजली एवं ताप बिजली परियोजनाओं और कुछेक जोखिमपूर्ण उद्योगों के लिए अपेक्षित था।

1.33 जल एवं वायु संरक्षण अधिनियमों तथा जोखिमपूर्ण अपशिष्ट संचालन अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले सभी उद्योगों के लिए पर्यावरणीय अंकेक्षण को अनिवार्य बना दिया गया है। वर्ष 1993 से, प्रत्येक औद्योगिक इकाई द्वारा 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु पर्यावरणीय अंकेक्षण रिपोर्ट, प्रतिवर्ष 15 मई को या उससे पूर्व सम्बन्धित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

(घ) निवेश वातावरण

1.34 निवेश वातावरण उत्साहवर्धक बना रहा। आशय पत्रों, एस० आई० ए० पंजीकरणों, डी० जी० टी० डी० पंजीकरणों और औद्योगिक उद्यम ज्ञापन भरने की संशोधित पद्धति से यह पता चलता है कि अप्रैल से दिसम्बर, 1991 के दौरान निवेश के लिए इच्छुक आवेदकों की कुल संख्या पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2,763 की तुलना में बढ़कर 4,699 हो गई। अप्रैल से दिसम्बर, 1991 के दौरान गैर-सरकारी कम्पनियों को अनुमोदित 7,309 करोड़ रुपए के नये पूंजी निर्गम पिछले वर्ष की इसी अवधि में 4,604 करोड़ रुपए की तुलना में 59% अधिक रहे। वास्तविक निर्गम भी 44% बढ़ गए जो कि औद्योगिक उत्पादन में मंदी के रुख के बावजूद पूंजी बाजार के प्रति उच्च आशावादी दृष्टिकोण के द्योतक हैं। पूंजीगत माल (मुख्य) समिति द्वारा 1991-92 (अप्रैल-फरवरी) के दौरान पूंजीगत माल के आयात हेतु दिए गए कुल अनुमोदनों में पिछले वर्ष की इसी अवधि में दिए गए अनुमोदनों के मूल्य की तुलना में 14.4% की वृद्धि परिलक्षित हुई।

1.35 कैलेण्डर वर्ष 1991 के दौरान अनुमोदित 534.11 करोड़ रुपए के विदेशी निवेश कुल मिलाकर 1990 में अनुमोदित 128.32 करोड़ रुपए के निवेशों से चार गुणा अधिक थे। अगस्त से दिसम्बर, 1991 की अवधि के दौरान मंजूर 412.79 करोड़ रुपए के विदेशी निवेश, 1990 की इसी अवधि में अनुमोदित 45 करोड़ रुपए से नौ गुणा अधिक थे। नीति-पश्च अवधि के दौरान अनुमोदित विदेशी सहयोग की कुल संख्या 634 थी जबकि 1990 की इसी अवधि में यह संख्या 239 थी।

1.36 सेण्टर फार मॉनिटरिंग इण्डियन इकॉनामी (सी० एम० आई० ई०) द्वारा किए गए वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 2600 परियोजनाओं के लिए कुल 3,93,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। उद्योगवार खनन एवं विनिर्माण क्षेत्रों में कुल 2,44,382 करोड़ रुपए के निवेश में से 31,680 करोड़ रुपए अर्थात् 13% खनन परियोजनाओं के लिए तथा शेष 2,12,702 करोड़ रुपए अर्थात् 87% विनिर्माण परियोजनाओं हेतु है।

(ङ) पूंजी बाजार

1.37 अप्रैल-दिसम्बर, 1991 में पूंजी बाजार ने काफी अच्छा कार्य किया। इस अवधि के दौरान, नये पूंजी निर्गमों के लिए प्रदान किए गए अनुमोदन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कुल मिलाकर 33% अधिक रहे। नये पूंजी निर्गमों की एक उल्लेखनीय विशेषता यह रही कि पोर्टफोलियो संयोजन में डिबेन्चरों के पक्ष में प्रत्यक्ष बदलाव दृष्टिगोचर हुआ। इस अवधि के दौरान गैर-सरकारी कम्पनियों को अनुमोदित नये निर्गमों में डिबेन्चरों का अंश, पिछले वर्ष की इसी अवधि के 56% की तुलना में 65% रहा। जनवरी तथा फरवरी 1992 में स्टॉक एक्सचेंजों में बजट पूर्व असामान्य उछाल के कारण मार्च, 1992 के दौरान खरीदारी उन्मादपूर्ण स्थिति तक पहुंच गई। अत: 1992 की पहली तिमाही के दौरान इकॉनामिक टाइम्स साधारण शेयर मूल्य सूचकांक में 105% की वृद्धि हुई। इन व्यापारिक स्थितियों में बहुत से स्क्रिप्स के मूल्य-यहां तक कि घाटा उठा रही अनेक कम्पनियों के स्क्रिप्स के मूल्य भी अविश्वसनीय स्तर तक पहुंच गए और इनमें अधिकांश में सिर्फ वृद्धि ही हुई। वर्ष, 1991-92 में पूरे वर्ष के दौरान कुल पूंजी निर्गम 13,193 करोड़ रुपए (अनन्तिम) के अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गया, जो कि वर्ष 1990-91 के दौरान 9,687 करोड़ रुपए की तुलना में 36% अधिक है जिसमें वर्ष 1991-92 के पूंजी निर्गमों में केन्द्र सरकार के उपक्रमों द्वारा पारस्परिक निधियों, बैंकों, वित्तीय संस्थानों आदि को निजी रूप से आबंटित किए गए 5,722 करोड़ रुपए के बांड भी शामिल हैं। मार्च 1992 के अन्त की स्थिति के अनुसार 317 कम्पनियों का दृढ़ निश्चय है कि वे निकट भविष्य में पूंजी बाजार में प्रवेश करके लगभग 10,581 करोड़ रुपए के शेयर एवं डिबेन्चर जारी करेंगी।

1.38 वर्ष के दौरान, भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने पूंजी बाजार के बारे में महत्वपूर्ण नीतिगत उपाय किए, उनमें से कुछ इस प्रकार हैं :—

— निजी एवं संयुक्त क्षेत्रों में पारस्परिक निधियों को प्रारम्भ करने की अनुमति दी गई;

— भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पोर्टफोलियो निवेश योजना के अधीन अनिवासी भारतीयों एवं विदेशी निगमित निकायों द्वारा भारतीय कम्पनियों के शेयरों/डिबेन्चरों के अधिग्रहण की सीमा 5% से बढ़ाकर 24% कर दी गई;

— भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को सांविधिक निकाय बनाया गया तथा प्रतिभूतियों में निवेशकों की सुरक्षा, पूंजी बाजार के विकास में संवर्धन तथा स्टॉक एक्सचेंजों के कार्यों को नियंत्रित करने की शक्तियां प्रदान की गई;

— निवेशक सुरक्षा के उपाय के रूप में स्टॉक एक्सचेंजों को उप-दलालों के पंजीकरण की योजना आरम्भ करने के निदेश दिए गए;

— सूचीबद्ध कम्पनियों द्वारा छमाही आधार पर अधिकाधिक वित्तीय सूचनाएं प्रदान करने के लिए सूचीकरण करार में संशोधन किया गया;

— सूचीबद्ध शेयरों की लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज विभिन्न एक्सचेंजों में "मार्किट मेकर्स" योजना तैयार करेंगे;

— कर-मुक्त बांडों को छोड़कर अन्य डिबेन्चरों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के बांडों पर ब्याज दर पर लगे सभी प्रतिबन्ध हटा दिए गए। उपर्युक्त प्रलेखों पर ब्याज दर, ब्याज की आन्तरिक शक्तियों द्वारा स्वयं तय की जाएगी, लेकिन कम्पनियों को ऐसे प्रलेख जारी करने से पूर्व साख-निर्धारण करवाना होगा;

— सार्वजनिक निर्गमों के आवेदन पत्र के प्रविवरण प्रपत्र को संशोधित किया गया और प्रविवरण प्रपत्र की मुख्य विशेषताओं से सम्बन्धित एक ज्ञापन तैयार किया गया;

— निवेशकों के नए पूंजी निर्गमों में आवेदन राशि के रूप में इस्तेमाल के लिए "स्टॉक इन्वेस्ट" नामक एक नवीन वित्तीय प्रलेख शुरू किया गया।

1.39 वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा (स्व०) श्री एम० जे० फेरवानी की अध्यक्षता में नए स्टॉक एक्सचेंजों की स्थापना के लिए नीति निर्धारित करने हेतु एक अध्ययन समूह का गठन किया गया था, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज मार्किट पद्धति, सैण्ट्रल डिपॉजिटरी ट्रस्ट फॉर सिक्यूरिटीज़ तथा विभिन्न स्टॉक एक्सचेंजों में हुए लेन-देन के सम्बन्ध में नेशनल क्लियरिंग एण्ड सैटलमेंट सिस्टम्स की स्थापना के अतिरिक्त न्यू बम्बई में राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना की सिफारिश की गई। इस अध्ययन समूह की सिफारिशों को सरकार ने सिद्धान्त रूप से स्वीकार कर लिया है।

(ख) विदेशी व्यापार और भुगतान संतुलन

1.40 भारत के विदेश व्यापार को वर्ष 1991-92 के दौरान घरेलू अर्थव्यवस्था में बृहत आर्थिक असन्तुलन एवं विश्वव्यापी प्रतिकूल आर्थिक परिदृश्य के कारण कठिन स्थिति का सामना करना पड़ा। अप्रैल-जनवरी 1991-92 के दौरान सामान्य मुद्रा क्षेत्र में निर्यात का स्तर पिछले वर्ष की इसी अवधि के 12,089 मिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 12,780 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया, जिससे 5.72% की वृद्धि परिलक्षित हुई। रुपए के मामले में भी वर्ष 1990-91 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान सामान्य मुद्रा क्षेत्र के निर्यात 21,427 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 1991-92 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 30,914 करोड़ रुपए हो गए जिससे इसमें 44.28% की वृद्धि हुई। रुपया भुगतान क्षेत्र (आरपीए) में निर्यात, जो अप्रैल-मई, 1991 और अप्रैल-जून, 1991 में वर्ष 1990 की इसी अवधि की तुलना में क्रमश: 50.43% और 49.50% (दोनों डॉलर मुद्रा में) कम थे, वर्ष 1991-92 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 1990-91 की इसी अवधि की तुलना में डॉलर में 42.33% और रुपयों में 21.29% कम रहे। दूसरी ओर 1990-91 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान, आयात 20,249 मिलियन अमरीकी डॉलर के स्तर से घटकर 1991-92 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 15,929 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया जिससे इसमें 21.34% की कमी परिलक्षित हुई। वर्ष 1991-92 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान व्यापार घाटा, पिछले वर्ष की इसी अवधि के 1,628 मिलियन अमरीकी डॉलर अथवा 3,906 करोड़ रुपए की तुलना में 1,583 मिलियन अमरीकी डॉलर अथवा 3,831 करोड़ रुपए के स्तर से काफी कम रहा। वस्तुत: जनवरी, 1992 में निर्यात, आयात से थोड़ा ही अधिक रहा। जुलाई, 1991 से सरकार द्वारा किए गए नवीन प्रयासों से यह आशा है कि मध्यम से दीर्घ अवधि में निर्यात के सतत उच्च विकास के लिए आधार तैयार होगा।

1.41 चालू खाते में अत्यधिक घाटे और अनिवासी निक्षेपों एवं वाणिज्यिक उधारों में आई गिरावट के कारण भुगतान संतुलन के लिए अत्यन्त आवश्यक सहायता अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से तथा विश्व बैंक, एशियन विकास बैंक व द्विपक्षीय दानकर्ताओं, विशेषकर जापान से शीघ्र संवितरण वाले ऋणों के रूप में प्राप्त हुई। विदेशी मुद्रा रिज़र्व (स्वर्ण व एसडीआर को छोड़कर), जो कि मार्च, 1991 के अन्त में 2,236 मिलियन अमरीकी डॉलर से कम होकर अगस्त, 1991 में 1,141 मिलियन अमरीकी डॉलर रह गया था, मार्च, 1992 के अन्त में बढ़कर 5,662 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

(ग) मूल्य स्थिति

1.42 समीक्षाधीन पूरे वर्ष में मूल्य स्थिति पर निरन्तर दबाव बना रहा। वर्ष के दौरान (15 फरवरी, 1992 तक), थोक मूल्य सूचकांक में 12.0% की वृद्धि हुई, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में रिकार्ड की गई वृद्धि के लगभग समान ही थी। वर्ष के दौरान (दिसम्बर, 1991 तक) औद्योगिक कर्मचारियों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 11.9% की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 12.4% की वृद्धि हुई थी। मुद्रास्फीति पर निर्मित दबाव का एक मुख्य कारण, कई वर्षों से बड़े पैमाने पर निरन्तर राजकोषीय घाटा एवं मांग-वृद्धि है, जिसके परिणामस्वरूप मुद्रा आपूर्ति एवं नकद धन में अत्यधिक वृद्धि हुई। आपूर्ति सम्बन्धी कुछ कारणों से भी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति दबाव में वृद्धि हुई।

संभावनाएं (1992-93)

1.43 नई पंचवर्षीय निर्यात-आयात नीति (1992—97) ने निषेधात्मक सूची को छोड़कर सभी मदों के मुक्त आयात की अनुमति देकर अलौह धातुओं सहित कच्चे माल की अनेक मदों को असरणीबद्ध करके तथा इसके अतिरिक्त निर्यात देयताओं के बदले पूंजीगत माल के आयात में छूट देकर उदारीकरण को और अधिक बढ़ावा दिया है। नई नीति की अन्य विशेषताएं हैं :—अग्रिम लाइसेंसों के अधीन शुल्क-मुक्त आयात के क्षेत्र को व्यापक बनाना, विहित निर्यात के लिए विशेष लाभ तथा 100% निर्यातोन्मुख इकाइयों एवं मुक्त व्यापार तथा निर्यात संसाधित क्षेत्रों में स्थित इकाइयों को अधिकाधिक प्रोत्साहन देना।

1.44 अर्थव्यवस्था में पहले ही से आरम्भ किए गए नीतिगत वार्षिक उपायों के अनुक्रम में 1992-93 के केन्द्रीय बजट में अर्थव्यवस्था को और अधिक उदार बनाने एवं उसमें खुलापन लाने के लिए और अधिक महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। चालू खाते में रुपए को आंशिक परिवर्तनीय (निर्यात आय का 60%) बनाया गया तथा एक्सिज़म स्क्रिप सुविधा समाप्त कर दी गई। अन्य प्रस्तावों में, बैंकों के वृद्धिशील निक्षेपों के लिए सांविधिक नकदी निधि अनुपात को 38.5% से घटाकर 30% करना, वाणिज्यिक अग्रिमों की ब्याज दर के न्यूनतम स्तर में 1% बिन्दु तक कमी करना, निजी क्षेत्र एवं संयुक्त क्षेत्र की पारस्परिक निधियों को आयकर से छूट देना, प्रीमियम निर्धारित करने सहित पूंजी निर्गमों पर लगे सरकारी नियंत्रण को समाप्त करना, पूंजीगत लाभ के कराधान की पुन: संरचना, शेयरों एवं डिबेन्चरों पर सम्पत्ति कर से छूट, राष्ट्रीय नवीकरण कोष हेतु विदेशी सहायता एजेन्सियों से 1,000 करोड़ रुपए के प्रावधान, आदि शामिल हैं।

1.45 मुद्रा स्फीति का मुकाबला करने तथा निकट भविष्य में मूल्य स्थिरता लाने के लिए अर्थव्यवस्था की आन्तरिक शक्ति, इसकी स्थिर खाद्य अर्थव्यवस्था, उच्चतर औद्योगिक विकास संभावना, अवस्थापना सुविधाओं के क्षेत्र में और बेहतर कार्यों, विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों में वृद्धि, संरचनात्मक सुधारों के प्रत्याशित अनुकूल प्रभाव तथा समग्र उत्पादकता एवं आर्थिक विकास की उदार नीतियों और इससे भी अधिक आन्तरिक और बाह्य दोनों क्षेत्रों में बृहत आर्थिक असंतुलन को दूर करने के लिए सरकार के पक्के और दृढ़ निश्चय में निहित है।

1.46 सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था का कार्यनिष्पादन शानदार रहा। इसके बावजूद, केन्द्र में तेजी से बदल रही राजनीतिक परिस्थितियों के कारण आठवीं पंचवर्षीय योजना आरम्भ न हो सकी। यह योजना पहली अप्रैल, 1992 को आरम्भ हुई तथा 1990-91 और 1991-92 को अलग-अलग वार्षिक योजनाओं के रूप में माना गया। आठवीं योजना के निदेशात्मक पत्र "आठवीं योजना के लक्ष्य, प्रतिबल एवं बृहत आयाम" में सकल घरेलू उत्पाद की 5.6% औसत वार्षिक विकास दर की संभावना व्यक्त की गई है जो उक्त योजना के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की औसत बचत दर 21.6% करके, विदेशों से सकल घरेलू उत्पाद के 1.4% की सीमा तक पूंजी जुटाकर और निर्यात में 13.6% वृद्धि करके प्राप्त की जाएगी।

1.47 भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तनों की शुरूआत हुई है। एक ओर भुगतान संतुलन की समस्या को अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों और विकसित राष्ट्रों की उदार सहायता से सफलतापूर्वक निपटा लिया गया है तो दूसरी ओर आर्थिक व व्यापार नीतियों में हुए आमूल परिवर्तन और वित्तीय क्षेत्र के प्रस्तावित सुधार से विकास एवं व्यक्तिगत पहल को नवीन उत्साह मिलने की संभावना है। विश्व बैंक के अध्ययन "विश्वव्यापी आर्थिक संभावनाएं और विकासशील राष्ट्र" में यह संभावना उचित ही व्यक्त की गई है कि भारत, बृहत आर्थिक सुधारों पर सतत बल देने के कारण, वर्ष की अन्तिम छमाही में 5% की वृद्धि दर प्राप्त कर सकेगा। एशियाई विकास बैंक ने भी अपनी वार्षिक संभावना रिपोर्ट में वर्ष 1992-93 में भारत और इस क्षेत्र के कुछ अन्य राष्ट्रों के लिए अच्छी संभावनाओं का पूर्वानुमान किया है।

---

2. परिचालन संसाधन एवं कार्य परिणाम

(क) परिचालन

समग्र परिचालन

2.01 परिचालन सम्बन्धी कठिन परिस्थितियों के बावजूद वर्ष 1991-92 के दौरान, भाऔविनि पिछले वर्ष की मंजूरियों के लगभग समान स्तर बनाए रखने तथा पिछले वर्ष किए गए संवितरणों से भी अधिक संवितरण करने में समर्थ रहा। भाऔविनि की विभिन्न सहायता योजनाओं के अन्तर्गत 608 परियोजनाओं के लिए कुल मिलाकर 2,869.21 करोड़ रुपए की समग्र मंजूरियां दी गईं जबकि वर्ष 1990-91 में 960 परियोजनाओं के लिए मंजूर की गई राशि 2,965.06 करोड़ रुपए थी। वर्ष 1990-91 में संवितरित 1,574.75 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 1991-92 के दौरान कुल मिलाकर 1,605.18 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया।

2.02 यद्यपि भाऔविनि की स्थापना के बाद से ही परियोजना वित्तपोषण इसके कारोबार का मूलाधार रहा है, तथापि वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में इसने अपना कार्यारम्भ वस्तुत: वर्ष 1986-87 में किया। परियोजना वित्तपोषण और वित्तीय सेवाओं, दोनों क्षेत्रों में वर्ष 1991-92 में मंजूर एवं संवितरित सहायता का योजना-वार विस्तृत वर्गीकरण एवं 31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार बकाया पोर्टफोलियो सहित योजना-वार संचयी आंकड़ों की स्थिति सारणी-2 में दी गई है।

2.03 संचयी रूप से, भाऔविनि द्वारा मार्च, 1992 के अन्त तक इसकी विभिन्न योजनाओं के अधीन 4,167 परियोजनाओं को कुल 13,963.29 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। 31 मार्च, 1992 तक 8,650.57 करोड़ रुपए का समग्र संवितरण किया गया, जिसमें से नकद संवितरण, अर्थात गारंटियों को छोड़कर संवितरण की राशि 8,459.22 करोड़ रुपए थी। संवितरण की गई कुल सहायता राशि मंजूर की गई कुल सहायता राशि का लगभग 62.0% रही। 31 मार्च, 1992 तक की स्थिति के अनुसार ऋणियों द्वारा पुनर्भुगतान की जाने वाली कुल निवल राशि 7,395.36 करोड़ रुपए थी।

सारणी 2 : मंजूर एवं संवितरित सहायता का योजना-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

वित्तपोषण योजना	1991-92 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च, 1992 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
I. **परियोजना वित्त**						
— परियोजनाओं से सम्बन्धित	430	2,061.28 (71.8%)	1,254.42 (78.2%)	3,818	11,392.87 (81.6%)	7,345.65 (84.9%)
उप जोड़ (I)	430	2,061.28 (71.8%)	1,254.42 (78.2%)	3,818	11,392.87 (81.6%)	7,345.65 (84.9%)
II. **वित्तीय सेवायें**						
— उपस्कर वित्त	75	376.87 (13.1%)	124.14 (7.7%)	341	888.93 (6.4%)	485.01 (5.6%)
— उपस्कर लीजिंग	9	85.50 (3.0%)	32.95 (2.1%)	97	374.56 (2.7%)	241.42 (2.8%)
— उपस्कर उपार्जन	—	—	2.10 (0.1%)	27	35.95 (0.3%)	26.25 (0.3%)
— उपस्कर उधार	80	171.84 (6.0%)	123.03 (7.7%)	192	490.99 (3.5%)	331.09 (3.8%)
— पुर्तिकार-उधार	8	41.25 (1.4%)	4.97 (0.3%)	69	390.37 (2.8%)	18.88 (0.2%)
— क्रेता-उधार	15	50.02 (1.8%)	12.93 (0.8%)	51	155.63 (1.1%)	48.91 (0.6%)
— लीजिंग एवं किराया खरीद-संस्थाओं को वित्त	20	77.75 (2.7%)	50.44 (3.1%)	72	229.29 (1.6%)	153.09 (1.8%)
— किस्त ऋण	2	4.70 (0.2%)	0.20 (-)	2	4.70 (-)	0.20 (-)
उप जोड़ (II)	209	807.93 (28.2%)	350.76 (21.8%)	851	2,570.42 (18.4%)	1,304.92 (15.1%)
कुल जोड़ (I+II)	639	2,869.21 (100.0)	1,605.18 (100.0)	4,669	13,963.29 (100.0)	8,650.57 (100.0)

टिप्पणी : (1) * वास्तविक सहायता-प्राप्त परियोजनाएं वर्ष 1991-92 की 608 और 31 मार्च 1992 तक 4,167 थीं। कुछ परियोजनाओं ने एक से अधिक योजनाओं के अन्तर्गत सहायता प्राप्त की है।

(2) कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ प्रतिशत के द्योतक हैं।

उद्योग-वार सहायता

2.04 वर्ष 1991-92 के दौरान भाऔविनि द्वारा मंजूर सहायता का उद्योग-वार विवरण एवं 31 मार्च, 1992 तक के योजना-वार संचयी आंकड़े सारणी-3 में दिए गए हैं। वर्ष 1991-92 के दौरान जिन उद्योगों को भाऔविनि से समग्रत: उल्लेखनीय सहायता प्राप्त हुई, वे हैं—वस्त्र (16.8%), लोहा एवं इस्पात (14.4%), कृत्रिम रेसिन्स एवं प्लास्टिक (8.3%), बिजली एवं गैस (8.1%), रसायन एवं रसायन उत्पादन (7.7%), इलैक्ट्रॉनिक्स (6.3%), कागज (5.8%), चीनी (3.4%), खाद्य उत्पाद (3.3%), मशीनरी एवं उपांग (3.1%), सीमेंट (3.1%) एवं अन्य (19.7%)। वर्ष के दौरान दी गई सहायता का एक उल्लेखनीय पहलू यह था कि वस्त्र उद्योग की 110 इकाइयों को सहायता प्रदान की गई जो संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक थी, इसके बाद की संख्यानुसार स्थिति इस प्रकार है :—रसायन एवं रसायन उत्पाद (65), लोहा एवं इस्पात (51), खाद्य उत्पाद (36), इलैक्ट्रॉनिक्स (34), चीनी (32), होटल एवं पर्यटन सम्बन्धी क्रियाकलाप (30), मशीनरी एवं उपांग (21), लीजिंग एवं किराया खरीद संस्थाएं (21), विविध अधातु खनिज उत्पाद (21), परिवहन उपस्कर (21), सीमेंट (18), कृत्रिम रेसिन्स एवं प्लास्टिक सामान (17), कागज एवं कागज उत्पाद (17), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (13), उर्वरक (10), बिजली मशीनरी एवं उपकरण (10), इत्यादि।

सारणी 3 : सहायता का उद्योग-वार विवरण

(करोड़ रुपये)

उद्योग	1991-92 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च, 1992 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चीनी						
—सहकारिताएं	12	27.36	0.9	230	408.40	2.9
— अन्य	20	72.05	2.5	110	281.79	2.0
विविध खाद्य उत्पाद	36	93.51	3.3	139	321.65	2.3
वस्त्र	110	481.02	16.8	755	1625.31	11.6
जूट	1	2.24	0.1	42	58.64	0.4
रसायन						
— मूल रसायन	38	121.65	4.2	210	702.01	5.0
— उर्वरक व कीटनाशक	10	64.72	2.3	80	613.97	4.4
— कृत्रिम रेशे	9	54.29	1.9	73	833.62	6.0
— कृत्रिम रेजिन्स, प्लास्टिक सामान एवं उत्पाद	17	238.03	8.3	133	784.26	5.6
— अन्य रसायन व रसायन उत्पाद	27	100.07	3.5	212	573.23	4.1
सीमेंट व सीमेंट उत्पाद	18	88.01	3.1	158	874.74	6.3
कागज व कागज उत्पाद	17	165.14	5.8	132	513.03	3.7
रबड़ उत्पाद	9	35.59	1.2	56	235.74	1.7
लोहा व इस्पात	51	413.13	14.4	277	1374.15	9.9
मशीनरी व उपांग	21	89.27	3.1	250	752.71	5.4
परिवहन उपस्कर व पुर्जे	21	37.85	1.3	167	513.03	3.7
इलेक्ट्रानिक्स	34	180.52	6.3	197	730.73	5.2
बिजली मशीनरी व उपस्कर	10	7.07	0.3	126	274.20	2.0
धातु उत्पाद	5	6.72	0.2	119	239.11	1.7
अलौह धातु	7	31.49	1.1	49	145.59	1.0
विविध अधातु खनिज उत्पाद	21	48.91	1.7	118	291.80	2.1
गैस व बिजली	6	232.20	8.1	29	537.42	3.9
होटल और पर्यटन सम्बन्धी क्रियाकलाप	30	48.48	1.7	152	279.26	2.0
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं	13	27.22	0.9	33	88.49	0.6
मत्स्य पालन	1	6.03	0.2	2	17.51	0.1
खनन	5	17.24	0.6	37	140.02	1.0
लीजिंग	21	78.65	2.7	72	290.19	1.6
अन्य उद्योग	38	100.75	3.5	209	522.69	3.8
जोड़	608	2869.21	100.0	4167	13,963.29	100.0

2.05 उत्पादों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, वर्ष 1991-92 के दौरान मंजूर की गई सहायता एवं 31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार संचयी सहायता का उद्योगवार विवरण सारणी-4 में दिया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 1991-92 में भाऔविनि द्वारा पूंजीगत माल उद्योगों, मध्यवर्ती माल उद्योगों तथा सेवा उद्योगों में प्रदत्त सहायता में कोई वृद्धि परिलक्षित नहीं हुई। तथापि, पिछले वर्ष की तुलना में, मूलभूत उद्योगों तथा उपभोक्ता माल उद्योगों को दी गई सहायता क्रमशः 15.1% तथा 44.5% अधिक रही।

सारणी 4 : उत्पादों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार सहायता का उद्योग-वार वितरण

(करोड़ रुपये)

उद्योग	1991-92 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च, 1992 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
मूल उद्योग						
(अर्थात मूल धातु उद्योग, मूल औद्योगिक रसायन, उर्वरक, सीमेंट, खनन, शक्ति जनन, आदि)	135 (209)	968.44 (841.46)	33.8 (28.4)	840 (795)	4,387.90 (3,548.67)	31.4 (31.1)
पूंजी माल उद्योग						
(अर्थात मशीनरी व उपांग, बिजली मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपस्कर, आदि)	86 (161)	314.71 (444.60)	11.0 (15.0)	740 (718)	2,270.67 (2,005.86)	16.3 (17.6)
मध्यवर्ती माल उद्योग						
(अर्थात रसायन उत्पाद, धातु उत्पाद, अधातु खनिज उत्पाद, पटसन, टायर एवं ट्यूब, आदि)	96 (183)	523.38 (877.04)	18.2 (29.6)	794 (773)	3,245.29 (2,822.92)	23.3 (24.7)
उपभोक्ता माल उद्योग						
(अर्थात चीनी, अन्य खाद्य उत्पाद, सूती/ऊनी वस्त्र, कागज और अन्य विविध उद्योग)	225 (312)	899.33 (622.36)	31.3 (21.0)	1,521 (1,424)	3,412.51 (2,549.48)	24.4 (22.3)
सेवा उद्योग						
(अर्थात होटल, चिकित्सा सेवाएं, जहाजरानी, आदि)	66 (95)	163.35 (179.60)	5.7 (6.0)	272 (248)	646.92 (496.03)	4.6 (4.3)
जोड़	608 (960)	2,869.21 (2,965.06)	100.0 (100.0)	4,167 (3,958)	13,963.29 (11,422.96)	100.0 (100.0)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्ष 1990-91 और संचयी 31 मार्च, 1991 के हैं।

राज्य-वार सहायता

2.06 वर्ष 1991-92 में तथा 31 मार्च, 1992 तक संचयी आधार पर भाआवित्रि की सहायता का राज्य-वार ब्योरा सारणी-5 में दिया गया है। वर्ष के दौरान, मात्रा-वार आधार पर भाआवित्रि की सहायता में प्रथम छह स्थान महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु एवं मध्य प्रदेश राज्यों को प्राप्त हुए जबकि परियोजना के संख्या-वार प्रथम छह स्थान अवरोही क्रमानुसार महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात एवं पंजाब को प्राप्त हुए।

2.07 भाआवित्रि की समग्रत: कुल मंजूर की गई सहायता पोर्टफोलियो में 31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार संचयी रूप से महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु राज्य प्रथम पांच स्थानों पर बने रहे। इसके पश्चात क्रमानुसार मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, पंजाब, कर्नाटक, हरियाणा एवं उड़ीसा राज्यों का स्थान रहा।

सारणी 5 : सहायता का राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र-वार प्रसार

(करोड़ रुपये)

राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	1991-92 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च, 1992 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
आन्ध्र प्रदेश	64	144.53	5.0	391	1,237.60	8.9
अरुणाचल प्रदेश	—	—	—	1	0.16	—
असम	3	17.98	0.6	39	116.58	0.8
बिहार	2	6.38	0.2	85	193.11	1.4
गोवा	6	15.90	0.6	30	76.91	0.6
गुजरात	52	341.45	11.9	377	1.756.26	12.6
हरियाणा	29	80.44	2.8	187	449.64	3.2
हिमाचल प्रदेश	15	100.71	3.5	56	263.09	1.9
जम्मू-कश्मीर	1	9.02	0.3	21	40.67	0.3
कर्नाटक	25	80.90	2.8	257	580.22	4.2
केरल	10	16.97	0.6	100	167.93	1.2
मध्य-प्रदेश	35	184.26	6.4	197	803.68	5.7
महाराष्ट्र	93	436.16	15.2	729	2,500.88	17.9
मणिपुर	—	—	—	1	2.45	—
मेघालय	1	0.13	—	6	7.96	0.1
नागालैंड	—	—	—	4	2.60	—
उड़ीसा	10	40.39	1.4	79	370.88	2.7
पंजाब	38	136.68	4.8	203	720.13	5.2
राजस्थान	36	146.21	5.1	183	743.71	5.3
सिक्किम	1	0.06	—	3	2.96	—
तमिलनाडु	71	196.82	6.9	417	984.30	7.0
त्रिपुरा	—	—	—	3	4.41	—
उत्तर-प्रदेश	72	387.49	13.5	442	1,737.69	12.4
पश्चिम बंगाल	26	432.57	15.1	224	791.93	5.7
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	—	—	—	1	1.42	—
चंडीगढ़	2	1.27	0.1	7	16.61	0.1
दादरा एवं नगर हवेली	1	0.70	—	11	18.98	0.1
दमन एवं दीव	1	0.68	—	5	6.47	0.1
दिल्ली	13	87.34	3.0	75	292.88	2.1
पांडिचेरी	1	4.17	0.2	33	71.18	0.5
जोड़	608	2,869.21	100.0	4,167	1,3963.29	100.0

क्षेत्र-वार सहायता

2.08 अपने चार्टर के अनुसार, भाऔविनि या तो सहकारी या निगमित क्षेत्रों की औद्योगिक परियोजनाओं का वित्तपोषण कर सकता है। वर्ष 1991-92 में और संचयी आधार पर 31 मार्च, 1992 तक परियोजनाओं को मंजूर तथा संवितरित वित्तीय सहायता का क्षेत्र-वार वर्गीकरण सारणी-6 में दिया गया है।

2.09 1991-92 के दौरान सहकारी क्षेत्र की 29 परियोजनाओं को 76.74 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई जो कुल सहायता का 2.7% है। वर्ष के दौरान वित्तपोषित औद्योगिक सहकारिताओं में 12 चीनी सहकारिताएं, 7 वस्त्र सहकारिताएं, तथा मूलभूत औद्योगिकी रसायन और कागज एवं कागज उत्पाद से संबंधित 10 अन्य सहकारिताएं शामिल थीं।

सारणी 6 : मंजूर एवं संवितरित सहायता का क्षेत्र-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	(1991-92) (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च, 1992 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
I. सहकारी	29	76.74 (2.7%)	62.15 (3.9%)	360	714.68 (5.1%)	537.83 (6.2%)
उप जोड़ (I)	29	76.74 (2.7%)	62.15 (3.9%)	360	714.68 (5.1%)	537.83 (6.2%)
II. निगमित						
— निजी	519	2,316.44 (80.7%)	1,344.95 (83.8%)	3,174	10,673.27 (76.4%)	6,497.42 (75.1%)
— सरकारी	17	145.62 (5.1%)	40.36 (2.5%)	322	985.88 (7.1%)	641.55 (7.4%)
— संयुक्त	43	330.41 (11.5%)	157.72 (9.8%)	311	1,589.46 (11.4%)	973.77 (11.3%)
उप जोड़ (II)	579	2,792.47 (97.3%)	1,543.03 (96.1%)	3807	13,248.61 (94.9%)	8,112.74 (93.8%)
कुल जोड़ (I + II)	608	2,869.21 (100.0)	1,605.18 (100.0)	4167	13,963.29 (100.0)	8,650.7 (100.0%)

टिप्पणी : कोष्ठक में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक है।

2.10 31 मार्च, 1992 तक भाऔविनि ने संचयी आधार पर 360 औद्योगिक सहकारिताओं को 714.68 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की, जिसमें से 537.83 करोड़ रुपए की सहायता पहले ही संवितरित की जा चुकी थी। यद्यपि पिछले वर्षों की भांति महाराष्ट्र का स्थान ही सर्वोपरि रहा, तथापि, भाऔविनि के लिए यह संतोष का विषय है कि सहकारी क्षेत्र के उद्यमों को निगम द्वारा दिए गए प्रोत्साहन और प्राथमिकता के कारण लगभग सभी राज्यों में सहकारिता आन्दोलन में गतिशीलता आई है। जिन 360 औद्योगिक सहकारिताओं को सहायता मंजूर की गई उनमें से 230 चीनी सहकारिताएं, 101 वस्त्र सहकारिताएं तथा 29 अन्य विविध सहकारिताएं हैं।

2.11 निगमित क्षेत्र में निजी क्षेत्र, इसे प्रदत्त विशेष दायित्व के कारण भाऔविनि से मिलने वाली वित्तीय सहायता का सबसे बड़ा लाभ भोगी रहा है तथा निजी क्षेत्र की 519 परियोजनाओं के लिए उसे 2,316.44 करोड़ रुपए (कुल 80.7%) की सहायता प्रदान की गई। वर्ष 1991-92 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की 17 परियोजनाओं को (सरकारी बजट के समर्थन के अन्तर्गत न आने वाली) 145.62 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई, जो कुल सहायता का 5.1% थी। जहां तक संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं का सवाल है, वर्ष 1991-92 के दौरान संयुक्त क्षेत्र की 43 परियोजनाओं को 330.41 करोड़ रुपए (जो कुल सहायता का 11.5% है) की सहायता मंजूर की गई। इस प्रकार, वर्ष के दौरान, निगमित क्षेत्र की 579 परियोजनाओं को, जिनमें निजी, सार्वजनिक तथा संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं, कुल मिलाकर 2,792.47 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई। संचयी रूप से 3,807 परियोजनाओं को कुल मिलाकर 13,248.61 करोड़ रुपए (कुल का 94.9%) की सहायता दी गई जिसमें से 8,112.74 करोड़ रुपए संवितरित किए जा चुके थे।

पिछड़े क्षेत्रों तथा उद्योग-रहित जिलों को वित्तीय सहायता

2.12 वर्ष के दौरान, केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की 285 परियोजनाओं को भाऔविनि की सहायता 1,397.19 करोड़ रुपये रही। वर्ष 1991-92 में, केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं की समग्र सहायता का अंश मंजूर की गई कुल सहायता का 48.7% था। विगत वर्ष यह सहायता कुल मंजूर सहायता का 47.4% थी।

2.13 श्रेणी 'क', 'ख' और 'ग' के अन्तर्गत पिछड़े जिलों/क्षेत्रों का वर्गीकरण करने की विद्यमान योजना के अनुसार श्रेणी 'क' (उद्योग-रहित/विशेष क्षेत्र जिले) में स्थित 67 परियोजनाओं को 336.40 करोड़ रुपए, श्रेणी 'ख' जिलों/क्षेत्रों में स्थित 113 परियोजनाओं को 515.56 करोड़ रुपए और श्रेणी 'ग' जिलों/क्षेत्रों की 105 परियोजनाओं को 545.23 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई।

2.14 संचयी रूप से 31 मार्च, 1992 तक भाऔविनि ने अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थित 1,899 परियोजनाओं को कुल मिलाकर 6,722.33 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की, जो भाऔविनि की समग्र निवल संचयी मंजूरियों का 48.1% थी। इन मंजूरियों से 31 मार्च, 1992 तक 4,266.94 करोड़ रुपए का संवितरण किया जा चुका था।

परियोजना वित्त

2.15 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परियोजना वित्त मंजूरियों की राशि 430 परियोजनाओं के लिए 2,061.28 करोड़ रुपए थी। इसी प्रकार, परियोजना वित्त के लिए किए गए संवितरण की राशि 1,254.42 करोड़ रुपए थी। 1991-92 के दौरान परियोजना वित्त के अन्तर्गत मंजूरियां विगत वर्ष की मंजूरियों की तुलना में कुछ कम रहीं जबकि संवितरण पिछले वर्ष के मुकाबले 8.3% अधिक था। परियोजना वित्त का सुविधावार वर्गीकरण सारणी-7 में दिया गया है।

सारणी 7 : परियोजना वित्त का सुविधा-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

सुविधा	(1991-92)(अप्रैल-मार्च)		31 मार्च 1992 तक संचयी	
	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
परियोजना वित्त				
— रुपया ऋण	1,391.89 (67.5%)	876.75 (69.9%)	8,088.20 (71.0%)	5,652.85 (76.9%)
— विदेशी मुद्रा ऋण	180.60 (8.8%)	283.04 (22.6%)	2001.49 (17.6%)	1305.76 (17.8%)
— हामीदारी तथा प्रत्यक्ष अभिदान	135.53 (6.6%)	30.61 (2.4%)	744.69 (6.5%)	195.69 (2.7%)
— गारंटियां				
— स्थगित अदायगियों हेतु	232.22 (11.2%)	64.02 (5.1%)	362.96 (3.2%)	141.18 (1.9%)
— विदेशी ऋणों हेतु	121.04 (5.9%)	— —	195.53 (1.7%)	50.17 (0.7%)
जोड़	2,061.28 (100.0)	1,254.42 (100.0)	11.392.87 (100.0)	7,345.65 (100.0)

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

2.16 वर्ष के दौरान, 1,391.89 करोड़ रुपए के रुपया ऋण की मंजूरी प्रदान की गई जबकि 1990-91 में 1,469.02 करोड़ रुपए के रुपया ऋण की मंजूरी दी गई थी। परन्तु, वर्ष के दौरान रुपया ऋण के लिए किए गए 876.75 करोड़ रुपए के संवितरण 1990-91 में हुए 858.65 करोड़ रुपए के रुपया ऋण संवितरणों के मुकाबले 2.1% अधिक थे।

2.17 वर्ष के दौरान, विदेशी मुद्रा ऋण मंजूरियां 180.60 करोड़ रुपए थीं जबकि विगत वर्ष में ये 552.19 करोड़ रुपए थीं। परन्तु वर्ष के दौरान किए गए 283.04 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा ऋण संवितरण, 1990-91 में किए गए 233.25 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा ऋण संवितरणों से 21.3% अधिक थे।

2.18 वर्ष के दौरान, परियोजना वित्त के अन्तर्गत कुल मंजूरियों और संवितरणों में रुपया ऋण के अंश क्रमशः 67.5% तथा 69.4% रहे। वर्ष के दौरान, परियोजना वित्त के अधीन विदेशी मुद्रा की मंजूरियों और संवितरणों के अंश क्रमशः 8.8% तथा 22.6% रहे।

2.19 हामीदारी तथा प्रत्यक्ष अभिदान के सम्बन्ध में भाऔविनि द्वारा 1990-91 में प्रदत्त 141.06 करोड़ रुपए की मंजूरियों की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 135.53 करोड़ रुपए की मंजूरियां दी गई। वर्ष के दौरान, परियोजना वित्त की कुल मंजूरियों में हामीदारी तथा प्रत्यक्ष अभिदान का अंश 6.6% रहा। 72 संस्थाओं को कुल मिलाकर 81.96 करोड़ रुपए की इक्विटी शेयरों की तथा 10 संस्थाओं को 37.29 करोड़ रुपए के डिबेन्चरों की हामीदारी की सुविधाएं प्रदान की गई। प्रत्यक्ष अभिदान के अन्तर्गत दी गई मंजूरियां 16.28 करोड़ रुपए की थीं जिनमें इक्विटी शेयरों (2.86 करोड़ रुपए) के 13 मामले, अधिमान शेयरों (0.40 करोड़ रुपए) के 2 मामले तथा डिबेन्चर के (13.02 करोड़ रुपए) 17 मामले सम्मिलित थे।

2.20 वर्ष के दौरान, मशीनरी एवं उपस्कर के विदेशी संभरकों को 232.22 करोड़ रुपए तक की आस्थगित भुगतान गारंटी की सुविधा 15 मामलों में मंजूर की गई। कुल 121.04 करोड़ रुपए के विदेशी ऋण के 6 मामलों में भी गारंटी प्रदान करने की सहमति दी गई। वर्ष के दौरान परियोजना वित्त मंजूरियों के अधीन आस्थगित भुगतान एवं विदेशी ऋण, दोनों ही गारंटियों का अंश कुल मिलाकर 17.1% रहा।

सहायता का प्रयोजन-वार वर्गीकरण

2.21. भाऔविनि द्वारा वर्ष 1991-92 में मंजूर की गई कुल परियोजना वित्त सहायता में से 120 नई परियोजनाओं को 1,122.69 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई। इन 120 नई परियोजनाओं में से 3 परियोजनाओं के मामले में पूंजीगत परिव्यय 3.00 करोड़ रुपए तक था, 9 परियोजनाएं अलग-अलग 3.00 करोड़ रुपए और 5.00 करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय के बीच थी, 29 परियोजनाएं ऐसी थी जिनमें पूंजीगत परिव्यय 5 करोड़ रुपए से 10 करोड़ रुपए के बीच था, 29 परियोजनाओं का पूंजीगत परिव्यय 10 करोड़ रुपए से लेकर 20 करोड़ रुपए तक था और 50 परियोजनाएं ऐसी थीं, जिनका पूंजीगत परिव्यय प्रति परियोजना 20 करोड़ रुपए से अधिक था।

2.22 विद्यमान 310 परियोजनाओं को स्वीकृत 938.59 करोड़ रुपए की सहायता में से 41 परियोजनाओं को अपने विस्तार और विशाखन कार्यक्रमों के लिए 264.96 करोड़ रुपए, 72 परियोजनाओं को अपने आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के लिए 166.68 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई। इसके अतिरिक्त 197 परियोजनाएं ऐसी थी, जिन्हें उपस्कर अथवा परियोजना अधिव्यय को संतुलित करने आदि की लागत को पूरा करने के लिए 506.95 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई।

परियोजना वित्त के अधीन भाऔविनि की सहायता के विशेष पहलू (1991-92)

2.23 1991-92 में परियोजना वित्त के अधीन भाऔविनि की सहायता के कुछ विशेष पहलू इस प्रकार थे :—

— सहायता प्राप्त 120 नई परियोजनाओं में से 8 परियोजनाएं प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित की गई थीं। इन्हें 27.80 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई और इसमें वस्त्र, प्लास्टिक उत्पाद, चमड़े की वस्तुएं, सीमेंट, परिवहन उपस्कर, आदि जैसे अनेक विविध उद्योग शामिल थे।

— निगमित क्षेत्र के अस्पतालों और बहुआयामी स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भाऔविनि की सहायता योजना के अधीन 13 अस्पतालों को 27.22 करोड़ रुपए की सहायता।

— 30 होटल तथा पर्यटन से सम्बन्धित परियोजनाओं के लिए 48.48 करोड़ रुपए की सहायता।

— महत्वपूर्ण निर्यात दायित्व वाली 41 निर्यातोन्मुख परियोजनाओं को 411.22 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता।

— वर्ष के दौरान, ऐसी 37 परियोजनाओं को 472.52 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई, जिनमें विदेशी सहयोग तथा/अथवा विदेशों से प्रौद्योगिकी अन्तरण किया गया था। देश-वार सहयोग इस प्रकार थे : जर्मनी-9, जापान-6, संयुक्त राज्य अमेरिका-4, इटली-3, यूनाइटिड किंग्डम-3, ताईवान-1, फ्रांस-2, बेल्जियम-2, दक्षिण कोरिया-1, स्वीडन-2, हॉलैण्ड-1, कनाडा-1, पुर्तगाल-1 तथा रूस-1 ।

— दो ऐसी परियोजनाओं को कुल मिलाकर 10.95 करोड़ रुपए की सहायता उपलब्ध कराई गई जिन के अन्तर्गत देश में कुछ उत्पादों के विनिर्माण के लिए सर्वप्रथम परिकल्पना की गई थी।

वित्तीय सेवाएं

मर्चेंट बैंकिंग

2.24 भाऔविनि ने वर्ष 1986-87 में मर्चेंट बैंकिंग एवं समवर्गीय सेवाओं के क्षेत्र में प्रवेश किया था। यद्यपि भाऔविनि ने इस क्षेत्र में देर से कदम रखा, फिर भी छः वर्ष की अवधि में भाऔविनि का मर्चेंट बैंकिंग एवं समवर्गीय सेवाएं विभाग, वित्तीय सेवाओं के अधीन, उपस्कर लीजिंग, उपस्कर उपार्जन, उपस्कर उधार, पूर्तिकार उधार, क्रेता उधार, लीजिंग एवं किराया खरीद संस्थाओं का वित्तपोषण, आदि, जैसी अनेक योजनाएं आरम्भ करने के अतिरिक्त निधि-आधारित तथा गैर-निधि आधारित, दोनों ही क्रियाकलापों का विस्तार करके अपने को सुप्रतिष्ठित करने में सफल रहा। वर्ष के दौरान 'किस्त उधार योजना' नामक एक नई योजना आरम्भ की गई जिसका उद्देश्य औद्योगिक उपयोग हेतु प्राप्त किए जाने वाले उपस्कर के लिए इच्छुक भावी ऋणियों को विविध प्रकार की मिश्रित सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मर्चेंट बैंकिंग एवं समवर्गीय सेवाएं विभाग ने परियोजना परामर्श, ऋण सामूहिकीकरण तथा डिबेन्चर न्यासिता से सम्बन्धित दत्त कार्यों आदि के क्षेत्र में भी अपने क्रियाकलापों को गहन किया।

2.25 वर्ष के दौरान, मर्चेंट बैंकिंग एवं समवर्गीय सेवाएं विभाग ने अपने मुम्बई स्थित ब्यूरो कार्यालय सहित, 117 मर्चेंट बैंकिंग दत्त कार्यों को हाथ में लिया, जिनमें से 56 निर्गम प्रबन्ध सेवाओं, 41 परियोजना परामर्श/मूल्यांकन तथा 20 डिबेन्चर न्यासिता से सम्बन्धित थे। वर्ष के दौरान, निर्गम प्रबन्ध के लिए सौंपे गए कार्यों से, 597 करोड़ रुपए की निधि जुटाने में सहायता मिली। संचयी रूप से, भाऔविनि के मर्चेंट बैंकिंग एवं समवर्गीय सेवाएं विभाग ने जुलाई, 1986 में अपनी शुरूआत से लेकर 31 मार्च, 1992 तक 185 सार्वजनिक निर्गमों सहित 365 दत्त कार्य पूरे किए जिनसे 1,988.49 करोड़ रुपए की निधि जुटाने में सफलता मिली।

उपस्कर वित्त

2.26 वर्ष के दौरान, उपस्कर वित्त योजना के अधीन 75 इकाइयों को कुल मिलाकर 376.87 करोड़ रुपए की ऋण सहायता मंजूर की गई जो कि पिछले वर्ष 94 इकाइयों को मंजूर की गई 204.65 करोड़ रुपए की ऋण सहायता से 84.2% अधिक थी। इस योजना के अधीन भाऔविनि ने संचयी रूप से 341 इकाइयों को 888.93 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की थी जिसमें से 31 मार्च, 1992 तक 485.01 करोड़ रुपए (मंजूरियों का 54.6%) की राशि का संवितरण किया गया।

उपस्कर लीजिंग

2.27 भाऔविनि द्वारा इसकी वित्तीय सेवाओं के अधीन प्रदान की जा रही उपस्कर लीजिंग सुविधा में वित्तीय लीज (मास्टर लीज सहित), सामूहिक लीज, बिक्री एवं लीज वापसी व्यवस्था शामिल है। वर्ष के दौरान 85.50 करोड़ रुपए की लागत से लीज पर उपस्कर उपलब्ध कराने के लिए 9 मामलों को अन्तिम रूप दिया गया। संचयी रूप से, 31 मार्च, 1992 तक उपस्कर लीजिंग के अधीन 374.56 करोड़ रुपए की समग्र मंजूरियां दी गई जिनमें से 241.49 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया।

उपस्कर उपार्जन

2.28 उपस्कर उपार्जन योजना से सम्बन्धित बिक्री कर समस्या के कारण, 1991-92 में मंजूरी के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ। समग्र रूप से, 31 मार्च, 1992 तक उपस्कर उपार्जन योजना के अधीन भाऔविनि की मंजूरियां 35.95 करोड़ रुपए थी, जिसके अंतर्गत 26.25 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया।

उपस्कर उधार

2.29 भाऔविनि द्वारा उपस्कर उधार योजना, 28 जुलाई, 1989 से आरम्भ की गई। उपस्कर उधार योजना के अधीन, वर्ष 1991-92 में 80 विद्यमान औद्योगिक इकाइयों का कुल मिलाकर 171.84 करोड़ रुपए मंजूर किए गए, जबकि पिछले वर्ष 80 इकाइयों को 171.15 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे। संचयी रूप से, 31 मार्च, 1992 तक उपस्कर उधार योजना के अधीन समग्र मंजूरियां 490.99 करोड़ रुपए की थी जिनमें से 331.09 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया था।

किस्त उधार योजना

2.30 विभिन्न उधार योजनाओं के अधीन सुविधाएं प्राप्त कर रहे ऋणियों को एक अन्य विकल्प प्रदान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक उपयोग के लिए उपस्कर प्राप्ति हेतु नवम्बर, 1991 में किस्त उधार योजना आरम्भ की गई। चूंकि इस योजना में भुगतान अवधि के सम्बन्ध में ज्यादा लचीलापन, ब्याज परिगणन में सुगमता तथा प्राप्त सुविधाओं के लिए ऋण लेने वालों को 4 वर्ष की अल्पावधि में 36/48 समान मासिक किस्तों में पुनर्अदायगी का विकल्प उपलब्ध है, अत: 31 मार्च, 1992 तक 2 औद्योगिक इकाइयों को 4.70 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई जिसके अन्तर्गत 20 लाख रुपए का संवितरण किया गया।

पूर्तिकार उधार

2.31 पूर्तिकार उधार योजना के अन्तर्गत वर्ष 1991-92 के दौरान 8 उपस्कर विनिर्माता इकाइयों को 41.25 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया गया। संचयी रूप से, 31 मार्च 1992 तक पूर्तिकार उधार योजना के अन्तर्गत 69 उपस्कर विनिर्माता इकाइयों को 390.37 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई जिसके अन्तर्गत 18.88 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया।

क्रेता उधार

2.32 क्रेता उधार योजना जो जुलाई, 1989 में आरम्भ की गई थी, के अन्तर्गत वर्ष के दौरान 15 औद्योगिक इकाइयों को कुल मिलाकर 50.02 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई। संचयी रूप से, 31 मार्च, 1992 तक इस योजना के अन्तर्गत 155.63 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया गया जिसमें से संवितरण की गई राशि समग्रत: 48.91 करोड़ रुपए थी।

लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं का वित्तपोषण

2.33 भाऔविनि पहले की ही भांति लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं को चयनात्मक आधार पर सहायता प्रदान करता रहा। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, 20 लीजिंग एवं किराया खरीद संस्थाओं को ही 77.75 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई। 31 मार्च, 1992 तक भाऔविनि ने संचयी आधार पर 72 लीजिंग संस्थाओं को 229.29 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की थी, जिनमें से कुल मिलाकर 153.09 करोड़ रुपए के संवितरण किए गए।

आवेदनों पर कार्रवाई

2.34 परियोजना वित्त के अधीन भाऔविनि ने 1991-92 के दौरान, या तो स्वयं, या संयुक्त वित्तपोषण के आधार पर 483 पात्र संस्थाओं से कुल मिलाकर 10,521.25 करोड़ रुपए के आवेदनों पर (उपस्कर वित्त योजना के अधीन आवेदनों सहित) विचार किया। कुल मिलाकर 111.76 करोड़ रुपए की सहायता के लिए 11 संस्थाओं के आवेदनों को या तो आवेदकों द्वारा वापस ले लिया गया, अथवा प्रगति के अभाव या प्रस्तावित परियोजना के व्यवहार्य न होने के कारण उन्हें बन्द मान लिया गया। मार्च, 1992 के अंत तक 383.13 करोड़ रुपए की कुल सहायता के लिए भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में 14 संस्थाओं के (4 संयुक्त वित्तपोषण के आधार पर) आवेदन विचाराधीन थे, और उनके सम्बन्ध में विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई चल रही थी। 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष के दौरान 458 अन्य संस्थाओं के आवेदनों के लिए वित्तीय सहायता मंजूर की गई, 97.05% मामलों को पूरी सूचना एवं आंकड़ों की प्राप्ति की तारीख से, चार माह से भी कम अवधि में निपटा दिया गया।

2.35 भाऔविनि ने वित्तीय सेवाओं के अधीन अपनी योजना के सम्बन्ध में 480.90 करोड़ रुपए की कुल सहायता के लिए 169 संस्थाओं के सहायता के आवेदनों पर कार्रवाई की। इनमें से 132 संस्थाओं के आवेदनों पर भाऔविनि की वित्तीय सेवाओं के अन्तर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के अधीन सहायता मंजूर की गई। 29 संस्थाओं के मामलों में, पात्रता की कमी के कारण और/अथवा अन्य सम्बन्धित पहलुओं के कारण यह मान लिया गया है कि उन्होंने अपने आवेदन वापस ले लिए हैं। मार्च, 1992 के अन्त तक 20.94 करोड़ रुपए की कुल सहायता के लिए 8 संस्थाओं के आवेदन भाऔविनि के विचाराधीन थे।

नई, विस्तार और विशाखन

परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान

2.36 वर्ष 1991-92 में भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित 161 नई एवं विस्तार/विशाखन परियोजनाओं के अध्ययन से यह पता चला है कि इस

अवधि के दौरान भाऔविनि की सहायता विविध एवं व्यापक उद्योगों में महत्वपूर्ण क्षमता सृजित करने में समर्थ हो सकेगी। आशा है कि वर्ष के दौरान, वित्तपोषित उपर्युक्त परियोजनाओं से परोक्ष रोजगार तथा अन्य सामाजिक आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि के अतिरिक्त, लगभग 38,859 व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। इन परियोजनाओं का वार्षिक उत्पादन मूल्य 8,973.97 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। प्रवर्धित सकल मूल्य लगभग 4,485.50 करोड़ रुपए होने की सम्भावना है जो देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में इन परियोजनाओं का योगदान माना जा सकता है। इससे सम्बन्धित विस्तृत विवरण **परिशिष्ट-II** में दिया गया है।

भाऔविनि द्वारा सहायता प्राप्त परियोजनाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति (1991-92)

2.37 342 परियोजनाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार (ऐसे मामलों को छोड़कर जिनमें परियोजना लागत आदि में पूर्णतः अधिव्यय राशि के वित्तपोषण के लिए अतिरिक्त सहायता मंजूर की गई हो) भाऔविनि के 1991-92 के परिचालनों से पता चलता है कि भाऔविनि की सहायता 16,378.75 करोड़ रुपए के निवेश जुटाने में समर्थ होगी, जिसका विवरण **परिशिष्ट-III** में दिया गया है।

जनहित में प्रदान की गई मंजूरियां

2.38 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ऐसा कोई मामला नहीं था, जिसमें औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (समय-समय पर यथासंशोधित) की धारा 26(2) की व्यवस्थाओं के अनुसार निदेशक (को) के हितबद्ध होने के कारण भाऔविनि ने, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982 की शर्तों के अधीन जन हित में किसी प्रकार की सहायता मंजूर की।

पूंजी बाजार परिचालन निवेश पोर्टफोलियो

2.39 भाऔविनि के निवेश पोर्टफोलियो में (क) हामीदारी दायित्वों के अनुसरण में शेयरों के अधिग्रहण, (ख) जिन मामलों में सहमति हुई है, उनके शेयरों में प्रत्यक्ष अभिदान, (ग) संपरिवर्तनीयता मार्गनिर्देशों का प्रयोग, (घ) बोनस शेयर निर्गम, (ङ) आधिकारिक शेयरों में अभिदान, (च) डिबेन्चरों के संपरिवर्तनीय भाग के संपरिवर्तन तथा (छ) रुग्ण/संभाव्य रुग्ण मामलों के सम्बन्ध में अतिदेय ब्याज का शेयरों/डिबेन्चरों में संपरिवर्तन होने के कारण वित्तपोषित संस्थाओं में किए गए निवेश शामिल हैं। भाऔविनि, निवेश संस्थान न होने के कारण, अपने निवेशों को यथासम्भव एक निर्धारित समय के अन्दर ही द्रव्यता हेतु प्राप्त करने का प्रयास करता है। जिन मामलों में कम्पनियां स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हैं, और जहां प्रतिभूतियों का व्यापार होता रहता है उन मामलों में मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों के स्टॉक/शेयर पैनल पर प्रतिष्ठित दलालों के माध्यम से खुले बाजार में छोटी-छोटी मात्रा में बिक्री की जाती है। कभी-कभी सरकारी मार्गनिर्देशों के अधीन भारतीय यूनिट ट्रस्ट/पारस्परिक निधियों को बड़ी मात्रा में भी बिक्री की जाती है।

2.40 वर्ष के दौरान, बाजार में ऐसी संस्थाओं के 42 निर्गम जारी किए गए जिनके शेयर व डिबेन्चरों की कुल मिलाकर 35.80 करोड़ रुपए की हामीदारी भाऔविनि द्वारा की गई थी। भाऔविनि के हामीदारी दायित्वों के अनुसरण में किसी भी शेयर या डिबेन्चर का न्यागमन नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, भाऔविनि ने प्रत्यक्ष अभिदानों से सम्बन्धित मंजूरियों के आधार पर 67 कम्पनियों के लिए 7.80 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों, 1.50 करोड़ रुपए के अधिमान शेयरों एवं 10.77 करोड़ रुपए के डिबेन्चरों में अभिदान किया।

2.41 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने 30.61 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर/डिबेन्चर लिए, तथा 16.56 करोड़ रुपए के अंकित मूल्य के अपने निवेशों की बिक्री की, जिससे इन निवेशों की बिक्री पर 147.76 करोड़ रुपए का लाभ हुआ। वर्ष 1991-92 के दौरान, इक्विटी शेयरों से लाभांश के रूप में 8.61 करोड़ रुपए का राजस्व तथा पूंजी लाभ के रूप में 147.76 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इक्विटी शेयरों (पूंजी लाभ सहित) पर वर्ष के दौरान औसत प्रतिलाभ 8.92% रहा। मार्च, 1992 के अन्त तक भाऔविनि के निवेशों का प्रमुख भाग संघटक-वार इस प्रकार था—इक्विटी शेयरों में 78.4% (132.98 करोड़ रुपए), अधिमान शेयरों में 4.2% (7.17 करोड़ रुपए) एवं डिबेन्चरों में 17.4% (29.40 करोड़ रुपए)।

पुनर्स्थापन कार्यक्रम

2.42 31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार, रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 1985 की धारा 15 के प्रावधानों के अधीन, भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में 102 रुग्ण इकाइयां औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड में पंजीकृत की गई। इसके अतिरिक्त, 3 गैर-अग्रणी मामलों में तथा 15 ऐसी संस्थाओं, जिनमें कोई भी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान सम्मिलित नहीं था, के लिए भाऔविनि को परिचालन एजेन्सी के रूप में नियुक्त किया गया, इस प्रकार ऐसे मामलों की कुल संख्या 120 हो गई। 31 मार्च, 1992 तक भाऔविनि 81 मामलों के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुका था जिसमें से 8 रिपोर्ट वर्ष के दौरान प्रस्तुत की गई। इन 81 मामलों में से 59 मामलों में औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा अन्तिम निर्णय ले लिया गया जिनमें से 44 मामलों में पुनर्स्थापन योजना को मंजूरी तथा 15 मामलों में परिसमापन आदेश जारी किए गए। शेष 22 मामलों में, औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा विभिन्न स्तरों पर सुनवाइयां चल रही थीं, और उनके सम्बन्ध में अभी निर्णय लिया जाना था। कुल मिलाकर, वर्ष के दौरान, औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा, भाऔविनि के अग्रणी दायित्व वाले 56 मामलों में तथा भाऔविनि के गैर-अग्रणी/गैर-वित्तपोषित 10 मामलों, जिनमें इसे परिचालन एजेन्सी नियुक्त किया गया था, के सम्बन्ध में 89 सुनवाइयां की गईं।

2.43 इनके अतिरिक्त, चार ऐसे मामलों में, भाऔविनि द्वारा औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के तत्वावधान में, सम्भाव्यता अध्ययन/पुनरुद्धार योजनाएं बनाई गईं, जिनमें निगम परिचालन एजेन्सी के रूप में काम नहीं कर रहा था। कुछ गैर-वित्तपोषित रुग्ण इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए भी योजनाओं की समीक्षा करने/उन्हें नया रूप देने में भाऔविनि की सुविज्ञता औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को उपलब्ध करवाई गई।

2.44 औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड की परिधि से बाहर के मामलों में, अर्थात रुग्ण औद्योगिक कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत न आने वाले मामलों में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, सम्बन्धित

वित्तीय संस्थानों एवं बैंकों के निकट सहयोग से बनाए गए मार्गनिर्देशों की पृष्ठभूमि में पुनर्स्थापन पैकेज निर्मित एवं अभिकल्पित किए गए। रुग्ण इकाइयों के सम्बन्ध में जिन पुनर्स्थापन उपायों की सिफारिश की गई है उनका क्षेत्र अत्यधिक व्यापक है तथा उनमें आधुनिकीकरण, विस्तार, विशाखन, संतुलन आदि शामिल हैं। अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा उनके अग्रणी दायित्व वाले मामलों में किए जा रहे पुनर्स्थापन प्रयासों में भी भाऔविनि सक्रिय सहयोग करता रहा।

2.45 रिपोर्ट की अवधि के दौरान, भाऔविनि जिन रुग्ण इकाइयों की देखभाल कर रहा था उनमें से कुछ इकाइयों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। इसके अतिरिक्त, भाऔविनि द्वारा कुछ प्रस्तावों की समीक्षा की जा रही थी। भाऔविनि के अग्रणी दायित्व के कुछ मामलों में समझौतों द्वारा निपटान की प्रक्रिया जारी थी।

कमजोर औद्योगिक इकाइयों को उत्पाद राहत

2.46 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में भारत सरकार द्वारा 17 अक्तूबर, 1989 से कमजोर औद्योगिक इकाइयों के लिए उत्पाद राहत योजना लागू करने के बारे में उल्लेख किया गया था। भारत सरकार की अधिकार प्राप्त समिति, भाऔविनि के अग्रणी दायित्व वाले 16 मामलों में अब तक 38.85 करोड़ रुपए का कुल उत्पाद ऋण मंजूर कर चुकी है जिसमें से वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा 16.70 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं।

(ख) परिचालन गतिविधियां
प्रवर्तक अंशदान एवं ऋण इक्विटी अनुपात

2.47 एक तरफ उधारों की लागत में वृद्धि, संस्थानों को उनके ऋण प्रदान करने के कार्यों से प्राप्त लाभ मार्जिन में कमी तथा बढ़ती हुई संसाधन सम्बन्धी कठिनाइयों के परिप्रेक्ष्य में और भारत सरकार द्वारा घोषित उदारीकरण विनियमन और नई आर्थिक नीतियों के परिप्रेक्ष्य में भाऔविनि सहित वित्तीय संस्थानों ने प्रवर्तकों के अंशदान एवं ऋण इक्विटी अनुपात मानदण्डों में निम्नानुसार संशोधन किए हैं :—

— प्रवर्तक का न्यूनतम अंशदान परियोजना लागत का 25% होगा जिसमें प्रमुख प्रवर्तक का अंशदान परियोजना लागत के 15% से कम नहीं होना चाहिए;

— प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित 10 करोड़ रुपए तक की परियोजना लागत वाली पहली परियोजना के मामले में प्रवर्तक अंशदान अपेक्षाकृत कम यानी 20% तक स्वीकार्य होगा जिसमें प्रमुख प्रवर्तक का अंशदान 10% से कम नहीं होगा;

— बड़े आकार की परियोजनाओं (अर्थात 200 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली परियोजनाएं), में प्रवर्तक का न्यूनतम अंशदान अधिमानतः 20% होगा, जिसमें प्रमुख प्रवर्तक का अंशदान परियोजना लागत के 12.5% से कम नहीं होगा;

— बड़ी परियोजनाओं को छोड़कर, जिनमें ऋण इक्विटी अनुपात 2:1 तक जा सकता है, ऋण इक्विटी अनुपात का मानदण्ड संशोधित तौर पर 2:1 से 1.5:1 होगा।

संशोधित ब्याज दर संरचना

2.48 भाऔविनि ने अन्य सावधि ऋण-दाता संस्थानों के साथ मिलकर परियोजना वित्तपोषण के अन्तर्गत 14%-15% की द्विस्तरीय ब्याज दर संरचना को बदलकर उसके स्थान पर 18% से लेकर 20% बैंड प्रतिवर्ष तक की अत्यधिक लचीली ब्याज दर संरचना लागू की जो ऋणियों की साख की अवधारणा पर आधारित होगी। उपर्युक्त बैंड के अन्तर्गत ब्याज की विशेष दर लागू करने के लिए, भाऔविनि अपने ऋणियों को एक विस्तृत ऋण जोखिम मूल्यांकन पद्धति द्वारा श्रेणीबद्ध करता है। संशोधित ब्याज दर वित्त (सं० 2) अधिनियम, 1991 द्वारा लागू ब्याज कर सहित है।

संपरिवर्तनीयता विकल्प में छूट

2.49 सरकार द्वारा जारी संशोधित मार्गनिर्देशों के अनुसरण में, भाऔविनि सहित वित्तीय संस्थानों द्वारा 22 अगस्त, 1991 से निगमित क्षेत्र में नई परियोजनाओं को स्थापित करने या विद्यमान परियोजनाओं की क्षमता में वृद्धि के लिए औद्योगिक संस्थाओं के डिबेन्चरों में सावधि ऋण/प्रत्यक्ष अभिदान के रूप में मंजूर की गई वित्तीय सहायता पर संपरिवर्तन विकल्प लागू नहीं होगा। तथापि, संपरिवर्तन विकल्प, संस्थानात्मक देय राशियों में चूक की स्थिति में तथा पुनर्स्थापन सहायता के मामले में अथवा लागत अधिव्यय को पूरा करने हेतु दी गई अतिरिक्त सहायता के मामले में पूर्ववत लागू रहेगा। उपर्युक्त स्थितियों एवं कुप्रबन्ध को छोड़कर, 22 अगस्त, 1991 से पूर्व निष्पादित ऋण करारों के सम्बन्ध में, यदि ऋणी 15 अगस्त, 1991 को एवं उसके पश्चात बकाया ऋण पर 16 अगस्त, 1991 से 20% वार्षिक दर से ब्याज के भुगतान के लिए सहमत हो तो, निर्धारित संपरिवर्तन विकल्प में छूट दी जा सकती है।

2.50 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, प्रदत्त मंजूरियों के सम्बन्ध में विद्यमान मार्गनिर्देशों के अनुसार 90 मामलों में संपरिवर्तनीयता की शर्त लागू की गई। समीक्षाधीन अवधि में केवल 12 मामलों में संपरिवर्तनीयता अधिकार का प्रयोग किया गया और 19 मामलों में इसे छोड़ दिया गया। संपरिवर्तनीयता सम्बन्धी मार्गनिर्देशों के प्रारम्भ से लेकर अब तक संचयी रूप से भाऔविनि ने 1,741 मामलों में संपरिवर्तनीयता की शर्त लगाई है और 143 मामलों में संपरिवर्तन-विकल्प का प्रयोग किया तथा 573 मामलों में, सभी सम्बद्ध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विकल्प के प्रयोग से छूट प्रदान की गई।

निर्यात प्रोत्साहन योजना

2.51 ऊपर पैरा 2.48 में उल्लिखित लचीली ब्याज-दर संरचना के प्रावधान के पश्चात भाऔविनि सहित अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा निर्यात प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत ब्याज-दर में दी जाने वाली छूट तथा निर्यात कार्य पर आधारित प्रोत्साहनों को 16 अगस्त, 1991 से समाप्त कर दिया गया। इससे पहले इस योजना के अन्तर्गत पहली अप्रैल, 1991 को अथवा उसके बाद तथा 15 अगस्त, 1991 तक निष्पादित ऋणों के मामलों में पात्र इकाइयों को ब्याज-दर में दी जाने वाली छूट न्यूनतम 12% प्रतिवर्ष की शर्त के अधीन थी।

बाजार मूल्यांकन अध्ययन

2.52 निवेश सम्बन्धी निर्णयों को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान 16 बाजार मूल्यांकन अध्ययन किए गए। इस सम्बन्ध में सीमेंट, इलैक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक, कास्टिक सोडा व क्लोरीन कैपरोलेक्टम, रॉकवूल स्पॉंज आयरन, कनटिनयूअस कास्टिंग रिफैक्ट्रीज, कागज इत्यादि से सम्बन्धित 6 उद्योग अध्ययनों का उल्लेख किया जा सकता है। इनके अतिरिक्त, औद्योगिक क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण एवं प्रदूषण-नियंत्रण, नई कताई इकाइयों की स्थापना की गुंजाइश, डेनिम फैब्रिक्स के लिए निर्यात बाजार की सम्भावनाओं, सोलवेण्ट एक्सट्रेक्शन इकाइयों हेतु कच्चे माल की उपलब्धता तथा भारत में औषधीय उद्योग की सम्भावनाओं के लिए भी अध्ययन किए गए। इनमें से कुछ अध्ययन भाऔवि बैंक तथा भाऔसानिनि के साथ मिलकर संयुक्त रूप से किए गए।

नामित निदेशक

2.53 नामित निदेशकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में, भाऔविनि द्वारा सरकारी एवं संस्थानात्मक मार्गनिर्देशों का निरन्तर अनुपालन किया जाता रहा, जिसके अनुसार भाऔविनि ने 985 वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में 380 नामित निदेशक नियुक्त किए, जिनमें से 172 शासकीय और 208 गैर-शासकीय थे। भाऔविनि में गठित नामित निदेशक कक्ष के प्रधान एक महाप्रबन्धक हैं तथा उनकी सहायता के लिए उक्त कक्ष में अन्य अधिकारी भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधान कार्यालय के तीन वरिष्ठ कार्यपालकों, भाऔविनि के प्रत्येक क्षेत्रीय/शाखा कार्यालय से एक-एक अधिकारी को नामित निदेशक कक्ष के सदस्य के रूप में नामजद किया गया है ताकि वे कक्ष को सौंपे गए विभिन्न कार्यों को पूरा कर सकें।

बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय

2.54 स्थायी समन्वय समिति मंच के सुझावों तथा भारतीय रिजर्व बैंक (भारिबैंक) द्वारा समय-समय पर जारी मार्गनिर्देशों के अनुरूप बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय और अधिक सक्रिय बना रहा। बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साझे ग्राहकों के बारे में, पारस्परिक आधार पर सूचना के आदान-प्रदान की प्रणाली और भी गहन हुई।

सरकार से पारस्परिक सम्पर्क

2.55 भाऔविनि ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों के साथ पारस्परिक सम्पर्क तथा विचारों का आदान-प्रदान जारी रखा। इसने समय-समय पर भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा गठित विभिन्न समितियों/कार्यकारी दलों में प्रतिनिधित्व भी किया। भाऔविनि, चीनी विकास निधि तथा जूट आधुनिकीकरण निधि के लिए नोडल एजेन्सी के रूप में कार्य करता रहा।

(ग) संसाधन और वित्तीय प्रबन्ध

रुपया संसाधन जुटाना

2.56 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष के दौरान भाऔविनि द्वारा 1,563.89 करोड़ रुपए (66.37 करोड़ रुपए के प्रारंभिक रुपया रोकड़ शेष को छोड़कर) के कुल रुपया संसाधन जुटाए गए। संसाधन जुटाने की दृष्टि से, 1991-92 का वर्ष कुल मिलाकर एक कठिन वर्ष रहा, संसाधन जुटाने की दुष्कर स्थिति में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट जैसे सहयोगी संस्थानों द्वारा तथा वायु सेना सामूहिक बीमा सोसायटी, अहमदाबाद जिला सहकारी बैंक, इत्यादि जैसे संस्थानों द्वारा उपलब्ध करवाई गई रुपया निधि सहायता आशा की किरण बनकर उभरी। भारत सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई समग्र सहायता भी मददगार और उत्साहवर्धक थी परन्तु भारतीय रिजर्व बैंक ने 31 अक्तूबर 1991 से इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया।

2.57 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, देश के अन्तर्गत जुटाए गए रुपया संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं :—

— 31 मई, 1991 तक कुल मिलाकर 7.50 करोड़ रुपए की अतिरिक्त शेयर पूंजी का जुटाया जाना।

— आरक्षित निधियों में 68.62 करोड़ रुपए की वृद्धि।

— (क) ऋणियों द्वारा ऋणों के पुनर्भुगतान तथा (ख) निवेशों की बिक्री/विमोचन से कुल मिलाकर 425.40 करोड़ रुपए की प्राप्तियों में वृद्धि।

— तीन सार्वजनिक बांड निर्गमों (19 सितम्बर, 1991, 13 जनवरी, 1992 तथा 3 मार्च, 1992 को जारी की गई क्रमशः 59वीं, 60वीं तथा 61वीं सिरीज़) द्वारा कुल मिलाकर 440 करोड़ रुपए के रुपया संसाधनों में वृद्धि।

— 565.89 करोड़ रुपए के सकल रुपया उधार जो भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (150.00 करोड़ रुपए), भारतीय जीवन बीमा निगम (200 करोड़ रुपए), भारतीय यूनिट ट्रस्ट (200 करोड़ रुपए), वायु सेना सामूहिक बीमा सोसायटी, अहमदाबाद जिला सहकारी बैंक, इत्यादि (15.89 करोड़ रुपये), से लिए गए। इन उधारों पर ब्याज की दर 14.5% से 17.5% के बीच थी।

— भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मंजूर कार्यशील पूंजी निधि, सीमा, जिसे 31.10.1991 से निलम्बित कर दिया गया, का अधिकतम लाभ उठाना।

— भारत सरकार से ब्याज अन्तरजन्य निधियों के अधीन 13.26 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई राशि की प्राप्ति।

रुपया संसाधनों का उपयोग

2.58 रुपया संसाधनों का उपयोग, मंजूर सहायता के 1,225.79 करोड़ रुपए का नकद संवितरण करने, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को 38.40 करोड़ रुपए के ऋणों की पुनः अदायगी करने, केन्द्रीय सरकार को 0.88 करोड़ रुपए के ऋणों की पुनः अदायगी करने, 25.43 करोड़ रुपए के लाभांश की अदायगी करने, 27.50 करोड़ रुपए की कर देयता के भुगतान एवं प्रावधान के लिए तथा 164.14 करोड़ रुपए अन्य कार्यों के लिए, किया गया। वर्ष के अन्त में नकद शेष 268.48 करोड़ रुपए था।

विदेशी मुद्रा संसाधन
जुटाना

2.59 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने बर्लिनर हैण्डेलसंड फ्रेंकफर्टर बैंक, जर्मनी से 50 मिलियन जर्मन मार्क तथा क्रेडिट सूईस, स्विटजरलैण्ड से 10 मिलियन स्विस फ्रांक के निर्यात ऋण के लिए करार निष्पादित किए।

2.60 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष के समापन पर भाऔविनि के समग्र विदेशी मुद्रा संसाधनों की स्थिति इस प्रकार थी—

— जर्मन मार्क में 25 ऋण श्रृंखलाओं के अधीन क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबाऊ जर्मनी से कुल मिलाकर 408 मिलियन जर्मन मार्क, का उधार,

— अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार से विदेशी मुद्रा में जुटाए गए 814.324 मिलियन अमरीकी डालर के समकक्ष संचयी उधार,

— इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कोऑपरेशन लि०, फिनलैंड की फिनिश निधि से 30 मिलियन फिन मार्क की ऋण श्रृंखला,

— एशियाई विकास बैंक (ए०डी०बी०) से 150 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण श्रृंखला,

— बर्लिनर हैण्डेलसंड फ्रेंकफर्टर बैंक, जर्मनी से 50 मिलियन जर्मन मार्क तथा क्रेडिट सूईस, स्विटजरलैण्ड से 10 मिलियन स्विस फ्रांक का निर्यात ऋण।

विदेशी मुद्रा स्रोतों का उपयोग

2.61 उपर्युक्त विदेशी मुद्रा संसाधनों में से भाऔविनि, 31 मार्च, 1992 तक 2,242.40 करोड़ रुपए के समकक्ष विदेशी मुद्रा में उप-ऋण देने के लिए वचनबद्ध था। 31 मार्च, 1992 तक विदेशी मुद्रा उप-ऋणों का वास्तविक संवितरण 1,379.42 करोड़ रुपए के बराबर था, जिसमें से वर्ष 1991-92 के दौरान ही 315.72 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया।

2.62 वर्ष के दौरान, विदेशी मुद्रा में लिए गए वास्तविक उधार कुल 181.03 करोड़ रुपए के समकक्ष थे, और विदेशी मुद्रा ऋणों की पुन: अदायगी 96 करोड़ रुपए के समकक्ष थी। 31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार निवल बकाया विदेशी मुद्रा ऋण 2,528.22 करोड़ रुपए के थे, जबकि 31 मार्च, 1991 (किन्तु 31 मार्च, 1992 को लागू दर से पुनर्मूल्यांकित आधार पर) को ये 1,720.46 करोड़ रुपए के थे।

विनियम जोखिम प्रबन्ध
योजना

2.63 विदेशी विनिमय जोखिमों से विदेशी मुद्रा के ऋणियों के हितों की रक्षा करने तथा ऐसी हित रक्षा की लागत को उनमें साम्यिक रूप में विभाजित करने के लिए पहली अप्रैल, 1989 से आरम्भ में केवल दो वर्षों के लिए विनिमय जोखिम प्रबन्ध योजना (ईआरएएस) शुरू की गई जिसकी अवधि बाद में बढ़ा दी गई। वर्ष के दौरान, प्रमुख विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए के विनिमय में लगातार अवमूल्यन तथा उधार की लागतों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, योजना के अधीन 23% से 26% के बीच की संयुक्त लागत बैण्ड की चार बार समीक्षा की गई तथा बैण्ड के अधीन लागू ब्याज दर को पहली अप्रैल, 1991 से 31 अक्तूबर, 1991 तक की अवधि हेतु 20% से बढ़ाकर 23% प्रतिवर्ष, पहली नवम्बर, 1991 से 31 जनवरी, 1992 तक की अवधि के लिए 24% तथा पहली फरवरी, 1992 से 30 अप्रैल,1992 (ब्याज-कर सहित) तक की अवधि हेतु, 26% कर दिया गया।

निधियों के स्रोत और उपयोग
(संचयी)

2.64 भाऔविनि की स्थापना से लेकर 31 मार्च, 1992 तक इसके कुल संसाधन 10,937.27 करोड़ रुपए के थे, जिनमें इसकी शेयर पूंजी, आन्तरिक जनन, बाह्य वाणिज्यिक उधार, विदेशी ऋण, सरकार एवं अन्य संस्थानों से उधार और बाजार से जुटाए गए उधार शामिल हैं। इनका उपयोग 7,079.80 करोड़ रुपए के रुपया संवितरणों, 1,379.42 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा संवितरणों और, निवेश, बांडों के विमोचन, सरकार तथा भारतीय वित्तीय संस्थानों को पुन: अदायगी, विदेशी मुद्रा ऋणों की पुन: अदायगी, लाभांश की अदायगी, अन्य उपयोगों तथा कर प्रावधान के लिए किया गया।

राष्ट्रीय राजकोष में अंशदान

2.65 औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 40 के अनुसरण में, भाऔविनि को गैर-सरकारी निगमित क्षेत्र की किसी भी अन्य कम्पनी के समान ही अपनी आय, लाभों एवं अर्जनों पर आयकर (अधिकर, यदि कोई हो) देना पड़ता है। आयकर अधिनियम, 1961 भी, कर योग्य आय की गणना करने के प्रयोजन से, भाऔविनि और अन्य किसी कम्पनी में सिवाय इसके कोई अन्तर नहीं करता कि आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन कुल आय में निम्नलिखित के सम्बन्ध में कटौतियां अनुमेय हैं—

— जब तक विशेष आरक्षित निधि में जमा की गई राशि, प्रदत्त शेयर पूंजी (आरक्षित निधि की जितनी राशि को पूंजीगत स्वरूप दिया गया है, उसे छोड़कर) के दुगुने से अधिक नहीं होती, धारा 36(1)(viii) के अधीन कुल आय की 40% सीमा तक विशेष आरक्षित निधि, और

— अधिनियम की धारा 80 एम की व्यवस्थाओं के अनुसार अन्य देशीय कम्पनियों से लाभांशों के रूप में प्राप्त आय के केवल 60% की सीमा तक अन्तर-कम्पनी लाभांश।

2.66 भाऔविनि अपने अस्तित्व के 44 वर्षों के दौरान 218.35 करोड़ रुपए की राशि तो कर के रूप में राजकोष में अदा कर चुका है जो उसकी 142.50 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई प्रदत्त पूंजी के डेढ़ गुणा के लगभग है।

बकाया एवं अतिदेय

2.67 मार्च, 1992 के अन्त तक, भाऔविनि की बकाया ऋण सहायता पोर्टफोलियो 2,875 संस्थाओं के सम्बन्ध में रुपए थी 6,832.36 करोड़ रुपए थी। कुल अतिदेय राशि 277.80 करोड़ रुपए थी (जो 179.44 करोड़ रुपए के मूलधन तथा 98.36 करोड़ रुपए के ब्याज के बराबर है)। 31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार ये अतिदेय राशियां भाऔविनि के कुल बकाया ऋण फोर्टफोलियो के लगभग 4.1% थीं।

(घ) लेखे और लेखा-परीक्षण

लेखा विवरण

2.68 भाऔविनि का लेखा-विवरण अन्त में दिया गया है, जिसमें 31 मार्च, 1992 की स्थिति के तुलन-पत्र, 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि लेखों के साथ-साथ पिछले वर्ष के आंकड़े भी दिए गए हैं। तथापि, भाऔविनि के कार्य-परिणामों और वित्तीय स्थिति की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं।

कार्य परिणाम

2.69 भाऔविनि के 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष के कार्य परिणामों में 121.75 करोड़ रुपए का कर-पूर्व लाभ दिखाया गया है, जबकि 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष के दौरान यह 102.33 करोड़ रुपए था। इस प्रकार इसमें 18.98% की वृद्धि परिलक्षित होती है। वर्ष के दौरान, कराधान के लिए 27.50 करोड़ रुपए का प्रावधान करने के पश्चात् निवल लाभ 94.25 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वर्ष निवल लाभ 78.08 करोड़ रुपए था। इस प्रकार इसमें 20.7% की वृद्धि हुई।

विनियोजन

2.70 भाऔविनि के निदेशक बोर्ड द्वारा निवल लाभ में से किए गए विनियोजन का विवरण सारणी-8 में दिया गया है।

2.71 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने अपनी आरक्षित राशि में 68.62 करोड़ रुपए की राशि अन्तरित की, जिसमें सामान्य आरक्षित निधि, हितकारी आरक्षित निधि तथा विशेष आरक्षित निधि शामिल हैं। यह पिछले वर्ष की आरक्षित राशि में अन्तरित राशि से 14.1% अधिक थी।

सारणी—8 निवल लाभ का विनियोजन

(करोड़ रुपये)

	इस वर्ष 1991-92	पिछला वर्ष 1990-91
(1)	(2)	(3)
	रु०	रु०
निवल लाभ	**94.25**	**78.08**
विनियोजन		
निम्नलिखित को अन्तरित—		
(क) सामान्य आरक्षित निधि	28.99	17.91
(ख) हितकारी आरक्षित निधि	1.00	1.50
(ग) विशेष रिजर्व (आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(1)(viii) के अधीन)	38.63	40.74
कर्मचारी कल्याण निधि को आवंटन	0.20	0.20
लाभांश की अदायगी	25.43	17.73
जोड़	94.25	78.08

लाभांश

2.72 संतोषजनक कार्य-परिणामों को ध्यान में रखते हुए भाऔविनि के निदेशक बोर्ड ने शेयरों पर, पिछले वर्ष घोषित 16% लाभांश की तुलना में वर्ष 1991-92 के लिए 18% वार्षिक लाभांश अदा करने का अनुमोदन किया है।

कार्य-परिणामों की प्रवृत्ति

2.73 भाऔविनि के कार्य परिणामों की प्रवृत्ति का समग्र मूल्यांकन सारणी-9 में दिए गए पांच वर्षों के संक्षिप्त आंकड़ों के आधार पर किया जा सकता है।

सारणी 9 : पांच वर्षों के दौरान भाऔविनि के कार्य परिणाम

(करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष		31 मार्च को समाप्त वर्ष		
	1988	1989(*)	1990	1991	1992
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
ऋणों, अग्रिमों, निक्षेपों और अन्य वित्तीय सहायता पर ब्याज (घटाएं : अशोध्य तथा संदिग्ध ऋण एवं अन्य प्रावधान)	285.30	277.77	462.95	591.48	671.13
अन्य आय	**9.36**	**11.26**	**12.93**	**22.44**	**163.85**
कुल आय	294.66	289.03	475.88	613.92	834.98
घटाएं/उधारों की लागत	**212.10**	**213.62**	**357.95**	**475.47**	**662.94**
निवल आय	82.56	75.41	117.93	138.45	172.04
व्यय					
— कार्मिक व्यय	6.12	5.02	8.55	12.41	10.99
— निवेशों पर हानि	0.02	0.31	0.18	0.18	4.19
— निदेशकों तथा समिति सदस्यों के शुल्क तथा व्यय	0.03	0.02	0.03	0.04	0.04
— अन्य व्यय एवं अनुदान	4.51	3.70	10.23	9.48	5.75
— मूल्यह्रास	3.00	5.81	8.80	14.01	29.32
कर-पूर्व लाभ	68.88	60.55	90.14	102.33	121.75
कराधान	16.22	10.02	22.70	24.25	27.50
निवल लाभ	52.66	50.53	67.44	78.08	94.25
लाभांश (दर)	12.0%	13.0%	14.0%	16.0%	18.0%

(*) 1989 के आंकड़े 9 माह (जुलाई—मार्च) के हैं।

2.74 उपर्युक्त से यह देखा जा सकता है कि पिछले वर्ष की तुलना में—

— निवल आय, कर-पूर्व लाभ तथा निवल लाभ में क्रमश: 24.3% , 18.9% तथा 20.7% की वृद्धि हुई।

— उधारों की लागत में अत्यधिक वृद्धि के बावजूद, 1991-92 में कर-पूर्व लाभ निवल आय के प्रतिशत के रूप में 70.8% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 73.9% था।

— 1991-92 में निवल आय के प्रतिशत के रूप में निवल लाभ 54.7% था जबकि पिछले वर्ष यह 56.4% था।

— सकल परिसम्पत्तियों के प्रतिशत के रूप में वर्ष 1991-92 के दौरान कार्मिक व्यय 0.13% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 0.19% था।

वित्तीय स्थिति

2.75 31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि की परिसम्पत्तियों और देयताओं की स्थिति सहित पिछले पांच वर्षों की वित्तीय स्थिति, जैसा कि भाऔविनि के तुलन-पत्र से स्पष्ट है, सारणी-१० में दी गई है।

सारणी 10 : पांच वर्षों के दौरान भाऔविनि की परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की स्थिति

(करोड़ रुपए)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष		31 मार्च को समाप्त वर्ष		
	1988	1989(*)	1990	1991	1992
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
परिसम्पत्तियां					
नकद व बैंक शेष	193.38	140.93	46.80	66.37	268.48
निवेश					
—सहायता प्राप्त संस्थाओं में	96.53	111.75	141.99	159.23	169.55
—अन्य संस्थाओं में	6.50	20.10	27.00	31.91	34.94
सहायता प्राप्त संस्थाओं को ऋण	2,733.21	3,372.53	4,179.04	5,362.21	6,787.83
स्थिर तथा अन्य परिसम्पत्तियां	221.45	309.61	510.84	777.77	1,021.08
स्वीकृतियों के लिए ग्राहक देयताएं	22.92	32.51	39.84	93.56	180.55
	3,273.99	3,987.43	4,945.51	6,491.05	8,462.43
देयताएं और शेयरधारी निधि					
शेयर पूंजी	70.00	82.50	100.00	135.00	142.50
रिजर्व तथा आरक्षित निधि	225.62	270.94	327.42	389.45	461.32
उधार					
(क) बांड	2,083.80	2,314.70	2,851.39	3,105.23	3,648.58
(ख) सरकार तथा भाऔवि बैंक से	70.73	67.85	60.09	270.04	393.96
(ग) जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम व इसकी आनुषांगिक इकाइयों से			100.00	350.00	550.00
(घ) विदेशी मुद्राओं में	611.15	988.60	1,005.95	1,497.27	2,190.70
अन्य चालू देयताएं और प्रावधान	179.87	216.88	439.11	619.63	840.02
निर्धारित निधियां	9.90	13.45	21.71	30.87	54.80
स्वीकृतियों पर देयता	22.92	32.51	39.84	93.56	180.55
	3,273.99	3,987.43	4,945.51	6,491.05	8,462.43
ऋण : इक्विटी	9.3:1	9.5:1	9.4:1	9.9:1	11.2:1
निवल मूल्य : निवल लाभ	5.6:1	7.0:1	6.3:1	6.7:1	6.4:1

(*) 1989 के आंकड़े 9 माह (जुलाई—मार्च) के हैं।

2.76 भाऔविनि के वर्ष 1991-92 के तुलन-पत्र के आधार पर इसकी कुछ उल्लेखनीय वित्तीय उपलब्धियां संक्षेप में इस प्रकार हैं :—

* वर्ष के दौरान, भाऔविनि के निवेश पोर्टफोलियो में 6.7% की वृद्धि।

* वर्ष के दौरान, भाऔविनि के ऋण पोर्टफोलियो (बकाया राशियां) में 23.6% की वृद्धि।

* वर्ष के दौरान, भाऔविनि की शेयर पूंजी, आरक्षित राशि, आरक्षित निधि के निवल मूल्य में 15.1% की वृद्धि।

* मार्च, 1992 के अन्त में, भाऔविनि का ऋण-इक्विटी अनुपात 11.2:1 था।

* मार्च, 1992 के अन्त में, भाऔविनि का निवल लाभ इसके निवल मूल्य का 15.6% था।

* मार्च, 1992 के अन्त में, निवल परिसम्पत्तियों तथा निवल मूल्य का अनुपात 14.0:1 था।

* मार्च, 1992 के अन्त में, भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गनिर्देशों के अनुसार परिकलित पूंजी पर्याप्तता अनुपात 12.79% था।

* अचल तथा अन्य परिसम्पत्तियों में 31.3% की वृद्धि।

* आरक्षित राशि और आरक्षित निधियां, प्रदत्त शेयर पूंजी की 3.2% गुना थीं।

लेखांकन नीतियां

2.77 भाऔविनि द्वारा अपनाई गई महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां तथा लेखों का रूप ग्रहण करने वाली टिप्पणियां, अनुसूची—17 में दी गई हैं तथा यह 31 मार्च, 1992 की स्थिति के तुलन-पत्र का भाग है।

सांविधिक लेखा-परीक्षा

2.78 वर्ष 1991-92 के लिए सांविधिक लेखा-परीक्षक, मैसर्स लोढा एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल, 14-गवर्नमेंट पैलेस ईस्ट, कलकत्ता और मैसर्स सुमेर बंसल एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल, 36-नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली थे। मैसर्स लोढा एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल को 29 जून, 1991 को हुई भाऔविनि के शेयरधारियों की वार्षिक महासभा में भाऔविनि के शेयरधारियों (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न) द्वारा औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 34 के अधीन लेखा-परीक्षकों के रूप में चुना गया। मैसर्स सुमेर बंसल एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल को औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 34(1) के अधीन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा भाऔविनि के लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया। औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 34(3) की व्यवस्थाओं के अनुसार 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष के लिए सांविधिक लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट, इस रिपोर्ट के लेखा विवरणों से पहले दी गई है।

कर लेखा-परीक्षा

2.79 इसके अतिरिक्त, कर लेखा-परीक्षा के प्रयोजन के लिए, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 44 कख की व्यवस्थाओं के अनुसरण में मैसर्स सुमेर बंसल एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल, 36-नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली वर्ष 1991-92 के लिए भाऔविनि के कर लेखा-परीक्षक थे।

---

3. प्रवर्तन सेवाएं

प्रवर्तन सेवाएं—एक सिंहावलोकन

3.01 भाऔविनि की प्रवर्तन सम्बन्धी भूमिका ने विगत कुछ वर्षों में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया है। भाऔविनि इस दिशा में प्रयत्नशील रहा है कि वह अपनी संस्थानात्मक संरचना अथवा विस्तार सेवाओं में व्याप्त अन्तरालों का पता लगाए तथा अपने संसाधनों एवं क्षमता के अनुरूप यथासंभव गैर-वित्तीय निवेश के प्रावधान को प्रोत्साहित करे। प्रवर्तन सेवाओं के क्षेत्र में विशेष रूप से बनाई गई प्रवर्तन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण एवं लघु उद्योगों को समर्थन प्रदान करने एवं उन्हें गतिशील बनाने, सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध कराने, उद्यमीयता विकास, प्रबन्ध विकास, श्रम विकास, ग्रामीण विकास एवं इनसे सम्बन्धित क्रियाकलापों, जोखिम पूंजी, उद्यम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त, पर्यटन एवं पर्यटन से सम्बन्धित क्रियाकलापों, पूंजी बाजार के विकास, विज्ञान पार्कों, अनुसंधान एवं विकास तथा सम्बन्धित अनुसंधानोन्मुख क्रियाकलापों की व्यवस्था करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

3.02 वर्ष 1991-92 के दौरान, भाऔविनि द्वारा विभिन्न प्रवर्तन कार्यों के लिए उपयोग की गई कुल राशि 940.30 लाख रुपए रही। 31 मार्च, 1992 तक भाऔविनि ने अपनी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के लिए कुल मिलाकर 5,561.67 लाख रुपए का उपयोग किया। सारणी 11 और 12 में भाऔविनि द्वारा प्रवर्तन सेवाओं के लिए उपयोग की गई राशि और इसके निधिकरण का ब्यौरा दिया गया है।

सारणी 11 : प्रवर्तन सेवाओं पर भाऔविनि द्वारा उपयोग की गई राशि

(लाख रुपये)

भाऔविनि द्वारा सहायता प्रदान की गई सेवाओं का स्वरूप	1991-92 (अप्रैल-मार्च) राशि/रुपये		31 मार्च 1992 तक संचयी राशि/रुपये	
(1)		(2)		(3)
(i) प्रवर्तन योजनाएं				
— उप-सहायता	92.07		521.83	
— ऋण-सहायता	—		23.50	
— उद्यमी विकास कार्यक्रम योजना	0.71	92.78	3.26	548.59
(ii) औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण				9.63
(iii) तकनीकी सलाहकारी संगठनों के लिए सहायता				
— तकनीकी सलाहकारी संगठन	1.89		79.88	
— औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका	—	1.89	0.43	80.31
(iv) उद्यमीयता विकास के लिए सहायता				
— उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में हिस्सेदारी	17.07		106.43	
— भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान को सहायता	—		93.00	
— उद्यमीयता विकास संस्थानों को सहायता	8.26	25.33	28.51	227.94
(v) प्रबन्ध विकास संस्थान की प्रबन्ध विकास गतिविधियों के लिए मदद		75.65		1,190.43
(vi) जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम के माध्यम से जोखिम पूंजी सहायता के लिए मदद		160.00		2,123.23
(vii) भारतीय प्रतिभूति और वित्तियम बोर्ड के लिए सहायता		—		250.00
(viii) ओ०टी०सी० एक्सचेंज आफ इंडिया लि० के लिए सहायता		24.00		64.00
(ix) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि के लिए सहायता		—		205.00
(x) आई-टेक कन्सोरटियम इंडिया लि० के लिए सहायता		—		100.00
(xi) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता		8.75		43.03
(xii) श्रम विकास संस्थान के लिए सहायता		115.08		115.08
(xiii) भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण अभिकरण लि० के लिए सहायता		91.00		91.00
(xiv) ए ब गृह वित्त लि० के लिए सहायता		50.00		50.00
(xv) इंडस-वेंचर मैनेजमेन्ट कम्पनी लि० के लिए सहायता		20.00		20.00
(xvi) जोखिम पूंजी निधि के लिए सहायता (जो पूं० प्रौ० वि० निगम द्वारा संचालित)		250.00		250.00

सारणी 11 : प्रवर्तन सेवाओं पर भाऔविनि द्वारा उपयोग की गई राशि—(क्रमशः)

(लाख रुपये)

(1)		(2)		(3)
(xvii) अनुसंधान आदि का प्रवर्तन				
— भाऔविनि पीठें	1.70		39.16	
— विशेष अनुसंधान अध्ययन रिपोर्ट आदि	—		10.63	
— इण्डियन इकनामिक जनरल को सहायता	—		0.15	
— भाऔविनि अनुसंधान फैलोशिप	0.87	2.57	1.07	51.01
(xviii) अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और सेमिनारों के लिए सहायता				
— ग्रामीण विकास पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिपादन	—			
— गुटनिरपेक्ष और अन्य विकासशील राष्ट्रों के लिए अनुसंधान और सूचना व्यवस्था	—		11.00	
— विश्व आर्थिक कांग्रेस	—		4.00	
— इण्डियन इकोनोमैट्रिक सोसायटी	—		0.50	
— लघु और मध्यम उद्योग विश्व सम्मेलन	—		1.00	
— भारतीय आर्थिक संगठन	0.25		0.45	
— अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों पर अनुसंधान के लिए भारतीय परिषद्	2.50	2.75	7.50	25.45
(xix) विशेष संगठनों को सहायता				
— गहरा कुआं परियोजना के लिए मुनिगुडा, उड़ीसा के नई आशा ग्रामीण कुष्ट रोग न्यास	—		0.21	
— धारवाड़ (कर्नाटक) के बहु-आयामी विकास अनुसंधान केन्द्र	—		14.00	
— नई दिल्ली का पालिसी ग्रुप (गैर-लाभ अर्जक अनुसंधान संगठन)	—		5.50	
— राष्ट्रीय पब्लिक वित्त तथा नीति संस्थान को सहायता	—		0.50	
— विकास कार्यों के लिए व्यावसायिक सहायता	—		10.00	
— शारीरिक औषधियां व पुनर्स्थापन का भारतीय संगठन	—		0.10	
— औद्योगिक विकास में अध्ययनों का संस्थान	2.50		5.00	
— लंदन स्कूल ऑफ इकनोमिक्स एण्ड पौलिटिकल साइन्स को छात्रवृत्ति निधि में योगदान	5.00		5.00	
— उपभोक्ता शिक्षा और अनुसंधान केन्द्र	10.00		10.00	
— समीक्षा ट्रस्ट को अर्थशास्त्र व समाजिक विज्ञान में अनुसंधान के लिए सहायता	3.00	20.50	3.00	53.31
(xx) पुनश्चर्या कार्यक्रम और राज्य-स्तरीय संस्थानों को सहायता	—			4.30
(xxi) अन्य (परियोजना के प्रत्यक्ष वित्त के लिए प्रयुक्त)	—			59.36
जोड़		940.30		5,561.67

सारणी 12 : भाऔविनि की प्रवर्तन सेवाओं के लिए वित्तीय स्रोत

(लाख रुपये)

निधि	1991-92 (अप्रैल-मार्च) राशि/रुपये	31 मार्च 1992 तक संचयी राशि/रुपये
(1)	(2)	(3)
हितकारी आरक्षित निधि		
(औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32ख के अधीन भाऔविनि के लाभों से बनाई गई)	77.64	1,188.03
ब्याज अन्तर-जन्य निधियां		
(भाऔविनि, क्रेडितांस्तल्स फर वाईडरफबाउ, भारत सरकार और जर्मन संघीय गणराज्य की सरकार के बीच हुए करारों की शर्तों के अधीन के एफ० डब्ल्यू ऋणों के लिए भाऔविनि द्वारा अदा किए गए ब्याज में से भारत सरकार से प्राप्त धन की द्योतक है)	862.66	4,373.64
जोड़	940.30	5,561.67

प्रवर्तन योजनाएं

3.03 इस बात को ध्यान में रखते हुए कि भारतीय अर्थव्यवस्था में ग्रामीण और लघु उद्योगों की विशेष भूमिका है तथा यह रोजगारोन्मुख औद्योगिक विकास के लिए हमारी राष्ट्रीय रणनीति का एक अंतरंग हिस्सा है, भाऔविनि स्वत: 14 प्रवर्तन योजनाओं का परिचालन कर रहा है, जिनमें से आठ सलाहकारी उप-सहायता योजनाएं हैं, चार ब्याज उप-सहायता योजनाएं हैं तथा निर्विष्ट क्षेत्रों में दो उद्यमीयता विकास योजनाएं हैं। सलाहकारी शुल्क उप-सहायता योजना के अन्तर्गत ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों को तकनीकी सलाहकारी संगठनों के माध्यम से सलाहकारी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। ब्याज उप-सहायता योजनाएं, बेरोजगार युवक-युवतियों, महिला उद्यमियों के स्व-विकास एवं स्व-नियोजन के लिए काम करने, गुणवत्ता नियंत्रण सम्बन्धी उपायों को अपनाने, देश में उपलब्ध प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करती हैं। उद्यमीयता विकास योजनाओं के अन्तर्गत स्व-नियोजन के अवसरों के लिए पुन: प्रशिक्षण की प्रक्रिया द्वारा लघु उद्योग क्षेत्र, पर्यटन से सम्बन्धित अन्य कार्यकलापों में स्व-नियोजन को प्रोत्साहन प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।

3.04 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, गोवा राज्य में पर्यटन एवं पर्यटन सम्बन्धी क्रियाकलापों में उद्यमीयता विकास के लिए लागू की गई प्रोत्साहन योजना को हिमाचल प्रदेश तथा राजस्थान राज्यों में भी शुरू किया गया तथा छंटनी अथवा रुग्ण औद्योगिक इकाई आदि के विवेकसंगत पुनर्गठन के फलस्वरूप जो कर्मचारी बेरोजगार हो गए, उन्हें स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने की योजना को मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान राज्य में भी लागू किया गया। इसके अतिरिक्त लघु, अति लघु एवं ग्रामीण उद्यमों को संवर्धित करने एवं उन्हें सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अगस्त, 1991 में भारत सरकार द्वारा घोषित नीतिगत उपायों के अनुसार कतिपय विद्यमान प्रवर्तन योजनाओं में संशोधन किया गया। वर्ष 1991-92 में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कुल मिलाकर 92.77 लाख रुपए की उप-सहायता संवितरित की गई तथा मार्च, 1992 के अंत तक संचयी रूप से 548.59 लाख रुपए की उप-सहायता संवितरित की गई, जिनका विवरण सारणी-13 में दिया गया है।

तकनीकी सलाहकारी सेवाओं के लिए उप-सहायता

3.05 भाऔविनि सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा राज्य स्तरीय संस्थानों और बैंकों के सहयोग से स्थापित तकनीकी सलाहकारी संगठन विविध प्रकार की सेवाएं प्रदान करने, उद्यमियों की पहचान करने एवं उन्हें प्रशिक्षण देने तथा कतिपय विशिष्ट कार्य, यथा औद्योगिक संभावना सर्वेक्षण, ऊर्जा अंकेक्षण, ऊर्जा संरक्षण आदि करते रहे। 18 तकनीकी सलाहकारी संगठनों (कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित एक तकनीकी सलाहकारी संगठन सहित) में से पांच तकनीकी सलाहकारी संगठनों अर्थात् हिमाचल सलाहकारी संगठन लि०, शिमला (हिमकॉन), राजस्थान सलाहकारी लि०, जयपुर (राजकॉन), मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लि०, भोपाल (एमपीकॉन), उत्तर भारत सलाहकारी संगठन लि०, चंडीगढ़ (निटकॉन) तथा हरियाणा-दिल्ली औद्योगिक सलाहकारी संगठन लि०, दिल्ली (हार्डीकॉन) भाऔविनि के अग्रणी दायित्व हैं। वर्ष 1991-92 (अप्रैल—मार्च) के दौरान तथा 31 मार्च, 1992 तक संचयी रूप से इन पांच तकनीकी सलाहकारी संगठनों के परिचालनों का ब्यौरा सारणी-14 में दिया गया है।

सारणी 13 : भाऔविनि द्वारा इसकी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के अधीन संवितरित उप-सहायता

(लाख रुपये)

प्रवर्तन योजनाओं के नाम	1991-92 (अप्रैल—मार्च) राशि रु०	31 मार्च, 1992 तक संचयी राशि रु०
(1)	(2)	(3)
— व्यवहार्यता अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिए ग्रामीण कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र, छोटे उद्यमियों को उप-सहायता योजना	45.91	327.44
— पशु पालन, डेरी उद्योग, मुर्गीपालन, मछली पकड़ने से सम्बद्ध उद्योगों को सलाहकारी उप-सहायता योजना	17.26	34.06
— कृषि, बागवानी, रेशम उत्पादन तथा मत्स्य पालन में लगे हुए या इनसे सम्बद्ध उद्योगों की सलाहकारी उप-सहायता योजना	14.83	31.26
— सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों के प्रवर्तन के लिए उप-सहायता योजना	2.16	20.81
— बाजार अनुसंधान/सर्वेक्षण की लागत को पूरा करने के लिए नए उद्यमियों को उप-सहायता योजना	2.10	18.29
— ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए उप-सहायता योजना	—	0.35
— लघु क्षेत्र की इकाइयों को बाजार सहायता उपलब्ध कराने के लिए उप-सहायता योजना	0.60	2.10
— अति लघु और लघु क्षेत्र की रुग्ण इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए उप-सहायता योजना	—	13.81
— अति लघु, लघु और सहायक इकाइयों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए उप-सहायता योजना	0.05	4.80
— ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोतों तथा ऊर्जा संरक्षण उपायों के उपयोग हेतु सलाहकारी उप-सहायता योजना	1.00	1.92
— बेरोजगार युवा व्यक्तियों स्व-विकास और के स्व-नियोजन के लिए ब्याज उप-सहायता योजना	1.31	3.51
— महिला उद्यमियों के लिए ब्याज उप-सहायता योजना	6.85	18.04
— देशी तकनीक को ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज उप-सहायता योजना	—	45.35
— लघु क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज उप-सहायता योजना	—	0.09
— इन-हाऊस अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के द्वारा प्रौद्योगिकी विकास के लिए सहायता योजना	—	23.50
— पर्यटन तथा पर्यटन संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए उद्यमी विकास सहायता योजना	0.54	1.94
— रुग्ण इकाइयों में विनियोजन एवं छंटनी के फलस्वरूप बेरोजगार लोगों में स्व-नियोजन प्रोत्साहित करने हेतु सहायता योजना	0.17	1.32
जोड़ :	92.78	548.59

सारणी 14 : भाऔविनि द्वारा प्रवर्तित तकनीकी सलाहकारी संगठनों की प्रगति का सार

दत्त कार्यों की प्रकृति	पूरे किए गए दत्तकार्यों की संख्या				
	हिमकोन	राजकोन	एमपीकोन	निटकोन	हरदिकोन
I. निवेश-पूर्व सलाहकारी दत्त कार्य					
— व्यवहार्यता, व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन/परियोजन रिपोर्ट, आदि	286 (2,337)	229 (1,824)	727 (3,854)	28 (498)	139 (529)
— औद्योगिक सम्भावना/क्षेत्र विकास सर्वेक्षण	— (6)	2 (36)	4 (39)	— (—)	— (—)
— बाजार सर्वेक्षण	1 (22)	— (—)	2 (45)	7 (30)	5 (27)
— परियोजना रूपरेखा	40 (339)	12 (85)	9 (928)	195 (980)	31 (713)
— प्रारम्भिक तथ्य-निरूपण अध्ययन	— (5)	— (—)	3 (22)	— (—)	— (—)
— मूल्यांकन	— (1)	— (—)	— (16)	— (8)	2 (17)
— अन्य	5 (134)	3 (45)	23 (321)	2 (60)	22 (58)
उप-जोड़ (I)	332 (2,844)	246 (1,990)	768 (5,235)	232 (1,576)	199 (1,344)
II. निवेश-पश्चात सलाहकारी दत्तकार्य					
— निदानात्मक अध्ययन	1 (22)	7 (66)	3 (42)	185 (344)	6 (76)
— रुग्ण इकाइयों का पुनर्स्थापन	3 (31)	— (—)	— (—)	11 (43)	— (—)
— अन्य	— (6)	3 (40)	— (16)	7 (26)	3 (40)
उप-जोड़ (II)	4 (59)	10 (106)	3 (58)	203 (413)	9 (116)
कुल जोड़ (I+II)	336 (2,903)	256 (2,096)	771 (5,293)	437 (1,989)	208 (1,460)
III. उद्यमीयता विकास कार्यक्रम					
— कार्यक्रमों की संख्या	14 (71)	11 (51)	41 (274)	16 (68)	7 (20)
— उद्यमियों की संख्या	361 (1,545)	272 (901)	1,184 (6,826)	337 (1,376)	165 (500)

कोष्ठकों में दी गई संख्या 31-3-1992 तक की संचयी संख्या दर्शाती है।

3.06 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने तकनीकी सलाहकारी संगठनों की सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने, उनकी निगमित योजनाओं को तैयार करने के लिए समुचित अवधारणा निर्मित करने एवं उसमें सहायता प्रदान करने पर विशेष जोर दिया। इस संदर्भ में, भाऔविनि ने अपने अग्रणी दायित्व में कार्यरत तकनीकी सलाहकारी संगठनों के अध्यक्षों एवं प्रबन्ध निदेशकों का 12 अक्तूबर, 1991 को एक सम्मेलन आयोजित किया जिसमें सर्वसम्मति से यह सहमति हुई कि तकनीकी सलाहकारी संगठनों को प्रवर्तन कार्य करने के अलावा अपने परिचालनों में वाणिज्यिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्हें राज्य योजनाओं, राज्य की औद्योगिक नीतियों एवं कार्यक्रमों आदि के साथ सम्पर्क बनाए रखना चाहिए और तदनुसार कार्य-क्षेत्रों का चयन करना चाहिए।

3.07 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में भाऔविबैंक, भाऔसानिनि एवं भाऔविनि द्वारा प्रायोजित सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों की कार्य-प्रणाली की समीक्षा करने तथा जीवन्त सलाहकारी संगठनों के रूप में उनके उन्नयन हेतु एवं उन्हें पुनर्जीवित करने के बारे में सुझाव देने के लिए उपर्युक्त प्रायोजकों द्वारा एक कार्यदल के गठन का उल्लेख किया गया था। उक्त कार्य दल ने तकनीकी सलाहकारी संगठनों की कार्य-प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया तथा अपनी रिपोर्ट को अन्तिम रूप दिया।

औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका

3.08 औद्योगिक इकाइयों के उपयोग के लिए विनिर्धीकरण तथा विशिष्ट परामर्शी सेवाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से भाऔविबैंक के अग्रणी दायित्व में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने औद्योगिक सलाहकारों के रोस्टर के रख-रखाव का काम जारी रखा। वर्ष के दौरान, 53 नये परामर्शदाताओं को उक्त रोस्टर में सूचीबद्ध किया गया, जिससे 31 मार्च, 1992 को परामर्शदाताओं की कुल संख्या 1453 हो गई।

उद्यमीयता विकास के लिए सहायता

3.09 नवीन उद्यमियों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भाऔविनि ने (क) विभिन्न एजेंसियों द्वारा आयोजित उद्यमीयता विकास कार्यक्रम की लागत में भागीदारी, (ख) भाऔविनि सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा स्थापित एवं प्रायोजित शीर्ष स्तर के संगठन भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान को सहायता देकर तथा, (ग) राज्य स्तर पर उद्यमीयता विकास संस्थानों की स्थापना में सहायता देकर देश में उद्यमीयता विकास आन्दोलन को पहले की ही भांति निरन्तर अपनी सक्रिय सहायता प्रदान की। वर्ष के दौरान, भाऔविबैंक एवं भाऔसानिनि के साथ मिलकर भाऔविनि ने 282 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को सहायता प्रदान की जिनमें से 82 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस एण्ड टी) उद्यमियों के लिए आयोजित किए गए। मार्च, 1992 के अन्त तक भाऔविबैंक एवं भाऔसानिनि के साथ मिलकर, भाऔविनि ने 2,007 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को निधिक सहायता उपलब्ध कराई, जिससे 58,130 भावी उद्यमी लाभान्वित हुए।

3.10 भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान (भाउविस), जिसने 31 मार्च, 1992 को अपने क्रियाकलापों के 9 वर्ष पूरे कर लिए, उद्यमीयता विकास सम्बन्धी क्रियाकलापों में संलग्न संस्थानों को व्यावसायिक सहायता प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एक राष्ट्रीय संसाधन संगठन के रूप में कार्य करता रहा। वर्ष के दौरान, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने विभिन्न राज्यों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों के संकाय सदस्यों हेतु 4 शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक नेशनल एक्रेडिटेड ट्रेनर्स कोर्स, गैर-सरकारी/स्वयं सेवी संगठन हेतु ग्रामीण उद्यमीयता विकास पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला, बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों हेतु एक कौशल विकास कार्यक्रम, विद्यमान उद्यमियों हेतु कार्य-निष्पादन में सुधार सम्बन्धी एक कार्यक्रम, उद्यमियों के पुत्रों/पुत्रियों हेतु उद्यमीयता की निरन्तरता के सम्बन्ध में उत्तराधिकार योजना पर तीन कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने राष्ट्रमंडल के विकासशील देशों हेतु भी एक उद्यमीय प्रशिक्षक प्रेरक कार्यक्रम, विकासशील देशों हेतु औद्योगिक परियोजना तैयार करने तथा मूल्यांकन करने पर दो कार्यक्रम तथा मारीशस के वर्तमान उद्यमियों हेतु एक पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन किया।

3.11 राज्य स्तर पर उद्यमीयता विकास क्रियाकलापों को संस्थानात्मक स्वरूप प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र में भाऔविनि सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों तथा सम्बन्धित राज्य सरकारों एवं बैंकों की सहायता से उद्यमीयता विकास संस्थान (उविस) की स्थापना की गई, जो सफलतापूर्वक अपने दायित्वों को निभा रहे हैं। ये सभी संस्थान/केन्द्र देश में उद्यमियों के विकास तथा देश के उद्योगीकरण की गति को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रबन्ध विकास के लिए सहायता

3.12 भाऔविनि ने प्रबन्ध विकास संस्थान के माध्यम से प्रबन्ध में व्यावसायिक दक्षता लाने तथा बैंकिंग एवं उद्योग में कार्यरत प्रबन्धकों के प्रबन्धकीय कौशल के उन्नयन हेतु अपनी सहायता को जारी रखा। 1973 में प्रायोजित प्रबन्ध विकास संस्थान ने वर्ष के दौरान 1135 भागीदारों के लिए 23 सेवाकालीन आन्तरिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न क्षेत्रों में 49 प्रबन्ध विकास कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम, निगमित पुनर्संयोजन कार्यशैली एवं नीतियों पर एक उच्च स्तरीय कार्यशाला, विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबन्ध पर दो कार्यक्रम, समन्वित वित्तीय प्रबन्ध पर एक कार्यक्रम, सार्वभौमिक प्रतिस्पर्द्धा हेतु प्रबन्धकीय कार्यक्षमता में सुधार के लिए एक कार्यशाला, भी शामिल थी। अनुसंधान के क्षेत्र में प्रबन्ध विकास संस्थान ने कुछ चुने हुए भारतीय संगठनों में मानव संसाधन विकास प्रणाली के तुलनात्मक अध्ययन का कार्य प्रारम्भ किया तथा भारत स्थित हावर्ड एलामनी एसोसिएशन के सौजन्य से प्रबन्ध शिक्षा अध्ययन कार्यक्रम चलाया। अन्य विभिन्न अनुसंधान परियोजनाएं जैसे भारतीय प्रबन्ध की विभिन्न शैलियों का अध्ययन, भारतीय नेतृत्व-शैली का आचरण, इसके विविध आयाम एवं परिणाम आदि भी पूरी की गई। भारतीय रिजर्व बैंक की निधिक सहायता से प्रबन्ध विकास संस्थान ने भारतीय औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड अध्ययन भी आरम्भ किया है। प्रबन्ध विकास संस्थान ने भारत सरकार द्वारा प्रायोजित भारतीय प्रशासनिक सेवा/ग्रुप 'क' के सरकारी अधिकारियों तथा सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में उच्चतम पदों पर कार्य करने की क्षमता रखने वाले कार्यपालकों के लिए 15 माह का राष्ट्रीय प्रबन्ध कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक संचालित किया। चतुर्थ राष्ट्रीय प्रबन्ध कार्यक्रम भी पहली जुलाई, 1991 को आरम्भ हुआ, जिसमें 30 भागीदार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

श्रम विकास हेतु सहायता

3.13 उद्योग एवं सामान्यत: औद्योगिक विकास से जुड़े संगठनों में कामगारों को प्रशिक्षण की सुविधाएं प्रदान करने तथा ऐसे विशिष्ट उद्योगों, जिनमें प्रौद्योगिक परिवर्तनों के अनुसार विशेष कौशल एवं दृष्टिकोण अपेक्षित हो, के कामगारों के पुन: प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्या के लिए भाऔविनि ने वर्ष के दौरान जयपुर, राजस्थान में श्रम विकास संस्थान नामक एक राष्ट्रीय स्तर का संस्थान स्थापित किया। राष्ट्रीय श्रम विकास संस्थान एक गैर-लाभकारी आधुनिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संगठन है, जिसे सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अन्तर्गत 31 जनवरी, 1992 को एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत किया गया। इसका उद्देश्य श्रमिकों में सामाजिक-आर्थिक समस्याओं तथा जिन संस्थानों में वे काम करते हैं उनके प्रति जिम्मेदारी और उद्योग में कामगारों के रूप में उनके अधिकारों एवं दायित्वों के लिए अधिकाधिक जागरूकता उत्पन्न करना है। यह संगठन अत्यन्त प्रबुद्ध सदस्यों एवं बेहतर प्रशिक्षित अधिकारियों के सहयोग से सुदृढ़, सुसंगठित तथा अपेक्षाकृत अधिक जिम्मेदार कामगारों की सहकारिताएं विकसित करने में सहायता प्रदान करेगा।

ग्रामीण विकास और उससे सम्बन्धित क्रियाकलापों के लिए सहायता

3.14 आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों तथा सामान्य सुख सुविधा से वंचित लोगों के उत्थान हेतु उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में गरीबी कम करने के कार्यक्रमों में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भाऔविनि ने अप्रैल, 1990 में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि, नामक एक प्रतिष्ठान की स्थापना की थी, जो कि सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन पंजीकृत एक गैर-लाभकारी, गैर राजनीतिक एवं धर्मनिरपेक्ष संस्थान है। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि, जिसका मुख्यालय गुवाहाटी में है, ग्रामीण एवं शहरी निर्धनों के आर्थिक विकास के लिए कार्यरत विभिन्न संगठनों एवं संस्थानों को वित्तीय एवं मानव संसाधन सम्बन्धी सहायता प्रदान करता है।

3.15 राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि ने भाऔविनि द्वारा प्रदत्त 2.05 करोड़ रुपए की निकाय निधि (बाद में दिसम्बर, 1990 में भाऔविबैंक द्वारा 4.00 करोड़ रुपए अंशदान) से जुलाई, 1990 में अपना कार्य प्रारम्भ किया था। इस निधि ने 31 मार्च, 1992 तक 49 गैर-सरकारी संगठनों को कुल मिलाकर 107.56 लाख रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की थी, जिसमें से 52.31 लाख रुपए की राशि संवितरित की गई। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में गरीबी उन्मूलन परियोजनाओं के लिए स्वत: भी कार्यक्रम शुरू किया तथा ग्रामीण विकास के लिए अन्य विशिष्ट व्यावसायिक एजेंसियों को निधि की ओर से काम करने के लिए प्राधिकृत किया जिसके लिए 16 लाख रुपए की कुल राशि की मंजूरी दी गई, जिनमें 6.46 लाख रुपए की राशि संवितरित की गई। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि ने भुवनेश्वर और पटना में अपने कार्यालय खोलकर अब अपने क्रियाकलापों को उड़ीसा, बिहार, मध्यप्रदेश के अस्तर क्षेत्र तथा उत्तरी आन्ध्र प्रदेश, उत्तरी बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में भी प्रारम्भ करने की योजना बनाई है।

जोखिम पूंजी, उद्यम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त के लिए सहायता

3.16 भाऔविनि जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त के लिए जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड, जो भाऔविनि द्वारा वर्ष 1976 में प्रवर्तित पूर्ववर्ती जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की उत्तराधिकारी संस्था है, के माध्यम से सहायता प्रदान करता रहा। वर्ष के दौरान, 15 मध्यम आकार की परियोजनाओं के लिए 304 लाख रुपए की जोखिम पूंजी सहायता मंजूर की गई। 1976 में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की स्थापना से 31 मार्च, 1992 तक संचयी रूप से 226 मध्यम आकार वाली औद्योगिक इकाइयों को 3,086.73 लाख रुपए की कुल जोखिम पूंजी सहायता मंजूर की गई। इन मंजूरियों में से 2,782.73 लाख रुपए का संवितरण किया गया, जिसमें से 343.00 लाख रुपए का संवितरण 1991-92 से सम्बन्धित है। प्रौद्योगिकी वित्त एवं विकास योजना के अधीन वर्ष के दौरान 4 परियोजनाओं को 187 लाख रुपए मंजूर किए गए तथा संचयी रूप से 23 परियोजनाओं को 1,304.60 लाख रुपए मंजूर किए गए। इन मंजूरियों में से 762 लाख रुपए के संवितरण किए गए, जिनमें से 226.35 लाख रुपए का संवितरण 1991-92 से सम्बन्धित है।

उद्यमी पूंजी

3.17 नवीन उत्पाद/प्रौद्योगिकी/सेवाओं वाले अत्यधिक लाभप्रद उद्यमों, जिनका लक्ष्य भावी या नए बाजार बनाना हो, को उद्यम पूंजी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, भारतीय यूनिट ट्रस्ट की उद्यम पूंजी यूनिट-III (वेकॉस III-1991) नामक एक योजना के रूप में जुलाई, 1991 में 30 करोड़ रुपए की उद्यम पूंजी निधि (भाऔविनि द्वारा 20 करोड़ रुपए के अंशदान सहित, जिसमें 10 करोड़ रुपए का विश्व बैंक ऋण शामिल है) बनाई गई जिसकी व्यवस्था जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० द्वारा की जाएगी। 31 मार्च 1992 तक जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० द्वारा 10 परियोजनाओं को 939.00 लाख रुपए की राशि पहले ही मंजूर की जा चुकी थी, जिसमें से 209 लाख रुपए संवितरित किए जा चुके थे।

3.18 31 मार्च, 1992 तक भाऔविनि ने जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० को ब्याज पर ऋण देने के अलावा अपनी हितकारी आरक्षित निधि एवं ब्याज अन्तरजन्य निधियों में से वेकॉस III योजना हेतु भारतीय यूनिट ट्रस्ट के लिए 250 लाख रुपए देने के अतिरिक्त 2,123.23 लाख रुपए संवितरित किए। भाऔविनि ने अपनी सामान्य निधियों में से जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० की शेयर पूंजी में भी 600 लाख रुपए तक का अंशदान किया है।

3.19 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने इंडस वेंचर मैनेजमेंट कम्पनी द्वारा संचालित 2,100 लाख रुपए की इंडस वेंचर पूंजी निधि की शेयर पूंजी में 100 लाख रुपए की सीमा तक अपनी सहमत हिस्सेदारी के भाग 20 लाख रुपए का अंशदान किया। आरम्भ में इंडस वेंचर पूंजी निधि, जो 1992-93 के शुरू में कार्य आरम्भ कर देगी, में से विशिष्ट रसायन, स्वास्थ्य देखरेख सम्बन्धी उत्पाद, इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्प्यूटर के क्षेत्रों से सम्बन्धित परियोजना प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता हेतु विचार किया जाएगा।

पर्यटन एवं पर्यटन सम्बन्धी कार्यों के लिए सहायता

3.20 पर्यटन के लिए भाऔवित्रनि की सहायता, पर्यटन सम्बन्धी परियोजनाओं में भाऔवित्रनि की प्रत्यक्ष रूप से भागीदारी तथा अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं एवं कुछ चुने हुए बैंकों के साथ मिलकर वर्ष 1989 में भाऔवित्रनि द्वारा प्रायोजित भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि०, को प्रदत्त सहायता के रूप में जारी रही। भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० ने अपने क्रियाकलापों के तीसरे वर्ष के दौरान सावधि रुपया ऋण, लीजिंग वित्त एवं इक्विटी पूंजी में प्रत्यक्ष अभिदान के रूप में 42 परियोजनाओं को कुल 103.46 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की, जिसमें से 48.28 करोड़ रुपए संवितरित किए गए। 31 मार्च, 1992 तक संचयी मंजूरियों एवं संवितरण क्रमशः 241.22 करोड़ रुपए एवं 100.27 करोड़ रुपए रहे।

3.21 उपर्युक्त संचयी सहायता में उन 53 परियोजनाओं के लिए दी गई 85.25 करोड़ रुपए की मंजूरियां भी शामिल हैं, जो पर्यटन के क्षेत्र में पहली बार प्रवेश करने वाले उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित की गई (1991-92 के दौरान 16 परियोजनाओं को 30.95 करोड़ रुपए की मंजूरियां प्रदान की गई)। मंजूर सहायता में, पिछड़े क्षेत्र में स्थित 19 परियोजनाएं भी शामिल हैं जिनके लिए कुल मंजूर सहायता 32.73 करोड़ रुपए (1991-92 के दौरान 4 परियोजनाओं को 11.89 करोड़ रुपए) थी। भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० द्वारा अब तक दी गई सहायता से 8,289 होटल के कमरों (1991-92 के दौरान 2,434 कमरों) की वृद्धि होगी एवं 15,904 व्यक्तियों को (1991-92 के दौरान 4,471 व्यक्तियों को) प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इससे पर्यटन परियोजनाओं में 811.43 करोड़ रुपए के कुल निवेश (1991-92 में 280 करोड़ रुपए) होगा। आवास तथा आतिथ्य से सम्बन्धित परम्परागत पर्यटन परियोजनाओं के अतिरिक्त भारतीय पर्यटन वित्त निगम द्वारा मंजूर की गई सहायता के फलस्वरूप गैर-परम्परागत परियोजनाओं, जैसे मनोरंजन पार्क, किराए पर कार उपलब्ध कराने सम्बन्धी सेवा, अन्तर्देशीय जल यातायात के लिए नौका सेवा, हवाई यात्री सुविधा केन्द्र आदि को पहली बार भारतीय पर्यटन वित्त निगम ने इस योग्य बनाया कि वे अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों से सहायता प्राप्त कर सकें।

पूंजी बाजार के विकास के लिए सहायता

3.22 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में, भाऔवित्रनि द्वारा कुछ चुने हुए निवेश संस्थानों एवं बैंकों के सहयोग से प्रायोजित पब्लिक लिमिटेड कम्पनी के रूप में 16 जनवरी, 1991 को एक अन्य साख निर्धारण एजेन्सी अर्थात् भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेन्सी लि० (इकरा) की स्थापना के बारे में उल्लेख किया गया था। भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेन्सी लि० ने पहली सितम्बर, 1991 से कार्य आरम्भ कर दिया है। इसके लिए भाऔवित्रनि ने 3.50 करोड़ रुपए की कुल प्रदत्त पूंजी में 91.00 लाख रुपए का अंशदान किया। भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेन्सी लि० 31 मार्च, 1992 तक 39 ऋण प्रलेखों की रेटिंग कर चुकी है, जिनमें 25 गैर परिवर्तनीय/अंशतः परिवर्तनीय डिबेन्चर, 11 सावधि जमा कार्यक्रम तथा 2,191.70 लाख रुपए के ऋण यात्रा वाली वित्तीय सेवा कम्पनियों के 3 वाणिज्यिक पेपर कार्यक्रम शामिल हैं। रेटिंग के लिए प्रदत्त 39 कार्यों में से 27 को स्वीकार किया जा चुका है और कम्पनियों द्वारा उनका प्रयोग किया जा रहा है। भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेन्सी लि० ने दो नई सेवाएं यथा-ऋण मूल्यांकन सेवा एवं सामान्य मूल्यांकन सेवा भी आरम्भ की है।

3.23 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में भाऔवित्रनि सहित अन्य संस्थानों, पारस्परिक निधियों एवं बैंकों के सहयोग से भारतीय यूनिट ट्रस्ट एवं भाऔसानिनि द्वारा कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत 25 सितम्बर, 1990 को कम्पनी के रूप में प्रवर्तित किए गए प्रथम ओटीसी एक्सचेंज ऑफ इण्डिया (ओटीसीईआई) की स्थापना का उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, भाऔवित्रनि ने अपनी ब्याज अन्तरजन्य निधियों में से 24 लाख रुपए के अपने अतिरिक्त हिस्से का अंशदान किया, जिससे इसका कुल अंशदान 64 लाख रुपए हो गया जो ओटीसीईआई की 8 करोड़ रुपए की कुल प्रदत्त शेयर पूंजी का 8 प्रतिशत है। ओटीसीईआई ने अपने उपनियमों और विनियमों को अन्तिम रूप दे दिया है तथा अपना कार्य आरम्भ करने के लिए पूंजी निर्गम नियंत्रक की अनुमति प्राप्त कर ली है।

आवास विकास एवं वित्त के लिए सहायता

3.24 भाऔवित्रनि द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम आवास वित्त लि०, साधारण बीमा निगम गृह वित्त लि० एवं ए०बी० होम्स फाइनेंस लि० में भागीदारी के माध्यम से आवास विकास एवं वित्त के लिए सहायता प्रदान की जाती है। भाऔवित्रनि ने, वर्ष के दौरान, ए०बी० होम्स फाइनेंस लि० को ब्याज अन्तरजन्य निधियों में से 50 लाख रुपए का अंशदान किया, जो इसकी 10 करोड़ रुपए की प्रदत्त पूंजी का 5 प्रतिशत है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता

3.25 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा उद्योगों के बीच निरन्तर पारस्परिक संवाद विकसित करने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमियों की नई श्रेणी तैयार करने के उद्देश्य से भाऔवित्रनि सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान, पहले से ही प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग महाविद्यालयों और तकनीकी/शोध संस्थानों द्वारा स्थापित विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों (एसटीईपीएस) को सहायता प्रदान करता रहा है। भाऔवित्रनि, अब तक, रांची (बिहार), अम्बई (महाराष्ट्र), तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु), कानपुर (उत्तर प्रदेश), मैसूर (कर्नाटक), लुधियाना (पंजाब), भोपाल (मध्य प्रदेश) एवं खड़गपुर (पश्चिमी बंगाल) में आठ विज्ञान एवं उद्यमी पार्कों (स्टेप) हेतु निधियां जुटाने में भागीदारी कर चुका है। यद्यपि बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी-स्टेप (बिट-स्टेप) रांची (बिहार) के सिवाय, अन्य सभी वित्तपोषित स्टेप्स की परियोजनाएं वर्ष के दौरान कार्यान्वयन की विभिन्न अवस्थाओं में थीं, सभी स्टेप विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्मिकों के बीच उद्यमीयता विकास से सम्बद्ध रहे। वर्ष के दौरान, भाऔवित्रनि ने गुरु नानक इंजीनियरिंग कॉलेज स्टेप, लुधियाना एवं श्री जयचाम राजेन्द्र कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग स्टेप, मैसूर को उनकी परियोजनाओं की पूंजी लागत को अंशतः पूरा करने के लिए अनुदान के रूप में क्रमशः 5.00 लाख रुपए तथा 3.75 लाख रुपए की निधिक सहायता प्रदान की।

अनुसंधान तथा अनुसंधानोन्मुखी गतिविधियों के लिए सहायता

(i) भाऔविनि पीठें

3.26 औद्योगिक प्रबन्ध, वित्तीय प्रबन्ध, औद्योगिक वित्त, क्षेत्रीय अर्थ-व्यवस्था और विकास बैंकिंग के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भाऔविनि ने छः पीठों की स्थापना की है, जो भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद में और दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, गुवाहाटी तथा मद्रास विश्वविद्यालयों में हैं।

3.27 वर्ष के दौरान, 4 अक्तूबर, 1991 को बम्बई विश्वविद्यालय में डा० आर० एस० सबनीस ने 'केन्द्रीय बैंकों की स्वायत्तता--कुछ विचार' विषय पर भाऔविनि सार्वजनिक व्याख्यान दिया। कलकत्ता, गुवाहाटी एवं दिल्ली विश्वविद्यालयों तथा भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद की पीठें पूरे वर्ष रिक्त रहीं, परन्तु मद्रास विश्वविद्यालय में भाऔविनि पीठ के प्रोफेसर डा० एन० पी० श्रीनिवासन के मार्ग-दर्शन में विकास बैंकिंग एवं वित्तीय प्रबन्ध के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य जारी रहा।

(ii) भाऔविनि अनुसंधान अध्येतावृत्तियां

3.28 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में विकास बैंकिंग, उद्यमीयता विकास, उद्यम, उद्यम-प्रबन्ध, श्रम-प्रबन्ध, पर्यटन एवं पर्यटन सम्बन्धी क्रियाकलापों का प्रबन्ध, वित्तीय सेवाओं का प्रबन्ध, निवेश विश्लेषण, फोर्ट फोलियो प्रबंध परिसम्पत्तियों और देयताओं का प्रबन्ध आदि से सम्बन्धित क्षेत्रों में डाक्टरेट डिग्री हेतु अनुसंधान करने के लिए भाऔविनि अनुसंधान अध्येतावृत्तियों की नई योजना शुरू करने के बारे में उल्लेख किया गया था। यह योजना पहली सितम्बर, 1991 से लागू हो गई है। 26 विश्वविद्यालयों/संस्थानों के कुल 30 प्रत्याशियों ने उक्त अध्येतावृत्ति के लिए आवेदन किया, जिसमें से निम्नलिखित विषयों पर चार अध्येतावृत्तियां प्रदान की गईं:—

— हिमाचल प्रदेश में अन्तरक्षेत्रीय सम्पर्क के माध्यम से संगठित विनिर्माण क्षेत्र की विकासात्मक भूमिका।

— भारत के निगमित क्षेत्र में उद्यम-पूंजी की उभरती हुई प्रवृत्तियां।

— पंजाब में अल्पावधि परियोजना वित्तपोषण तथा फैक्टरिंग सेवाओं की व्यवहार्यता।

— भारत में शेयर मूल्यों को प्रभावित करने वाले पहलू।

3.29 उपर्युक्त के अतिरिक्त, भाऔविनि द्वारा राष्ट्रीय उद्यमीयता तथा लघु कारोबार विकास संस्थान में उद्यमीयता विकास से सम्बन्धित क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए दो अध्येतावृत्तियां प्रारम्भ की गईं।

(iii) अन्य अनुसंधानोन्मुख संगठनों को सहायता

3.30 वर्ष के दौरान, उपभोक्ता शिक्षा अनुसंधान केन्द्र, समीक्षा ट्रस्ट, इन्स्टीट्यूट फार स्टडीज इन इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट, द इण्डियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इण्टरनेशनल इकॉनोमिक रिलेशन्स तथा लंदन स्कूल आफ इकॉनोमिक्स एण्ड पॉलिटिकल साइंस स्कॉलरशिप फण्ड को सहायता प्रदान की गई ताकि ये संगठन अपने अनुसंधानोन्मुख क्रियाकलापों को बढ़ा सकें।

---

4. आन्तरिक मामले

निदेशक बोर्ड

4.01 वर्ष के दौरान, निदेशक बोर्ड की बारह बैठकें हुईं, जिनमें से ग्यारह बैठकें नई दिल्ली में तथा एक बैठक बम्बई में हुई।

4.02 वर्ष के दौरान, भाऔविनि के बोर्ड के निर्वाचित एवं नामित निदेशकों के गठन में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। 30 सितम्बर, 1991 को आयोजित भाऔविनि के शेयरधरियों की विशेष महासभा की बैठक में श्री एम० एन० गोइपोरिया, अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक, श्री के० पी० नरसिम्हन, प्रबन्ध निदेशक (अब अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत), भारतीय जीवन बीमा निगम (भाजीबीनि) तथा श्री डी० एम० पटेल, अध्यक्ष, गुजरात स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, को क्रमशः अनुसूचित बैंकों, बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों एवं इसी प्रकार के अन्य वित्तीय संस्थानों तथा सहकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाऔविनि के निदेशक के रूप में पुनर्निर्वाचित किया गया।

अन्तर-संस्थानात्मक तथा राज्य-स्तरीय समन्वय

4.03 संस्थानों के प्रधानों की अनौपचारिक बैठकों तथा वरिष्ठ कार्यपालक बैठकों (व०का०बै), वरिष्ठ विधिक कार्यपालक बैठकों (व०वि०का०बै०) तथा क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकों (क्षे०का०बै०) के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के वित्तीय संस्थानों के बीच अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय बनाए रखा गया। वर्ष के दौरान 21 वरिष्ठ कार्यपालक बैठकें, 5 वरिष्ठ विधिक कार्यपालक बैठकें तथा 15 क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकें आयोजित की गईं। इनके अतिरिक्त प्रवर्तन क्रियाकलापों के क्षेत्र में अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ कार्यपालकों की एक बैठक आयोजित की गई।

4.04 राज्य स्तर पर भाऔविनि के क्षेत्रीय/शाखा/अन्य कार्यालयों के प्रधानों ने राज्य स्तरीय समितियों तथा राज्य स्तरीय अन्य मंचों की विभिन्न बैठकों में भाग लेकर आपसी समन्वय बनाए रखा। वर्ष के दौरान भाऔविनि की राज्य सलाहकारी समिति की एक बैठक भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित की गई।

विदेशी एजेंसियों से विचार विनिमय

4.05 भाऔविनि ने विदेशों के विकास वित्तीय संस्थानों (विविसं) तथा विश्व बाजार में कार्यरत अन्तरर्राष्ट्रीय बैंकों के साथ निरन्तर घनिष्ठ सम्पर्क बनाए रखा। उनके अनेक उच्चाधिकारियों ने भाऔविनि का दौरा किया, और भारत में निवेश के अवसरों एवं पारस्परिक हित से संबंधित मामलों के बारे में विचार-विमर्श किया। भाऔविनि ने क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबाउ (के०एफ०डब्ल्यू०), एशियाई विकास बैंक (ए०डी०बी०) तथा इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकन्स्ट्रक्शन एंड डिवलपमेंट (विश्व बैंक) के दलों का साथ लाभदायक विचार-विमर्श किए।

संगठनात्मक गतिविधियां

4.06 वर्ष के दौरान श्री हरिश्चन्द्र शर्मा, महाप्रबन्धक को पहली अगस्त, 1991 से कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया।

4.07 प्रबन्ध सूचना पद्धति, प्रशिक्षण, अभिलेखों की माइक्रोफिल्मिंग सहित अभिलेखों के रख-रखाव, कम्प्यूटरीकरण, अशक्तता लाभ, स्टाफ कल्याण, पुस्तकालय आदि से सम्बद्ध विषयों की योजना बनाने, उन्हें क्रियान्वित करने और उनकी देख-रेख के लिए गठित भाऔविनि के अधिकारियों की विभिन्न समितियां भाऔविनि के क्रियाकलापों से संबंधित क्षेत्रों में पहले की ही भांति संतोषजनक ढंग से कार्य करती रहीं। कारोबार संबंधी कार्यनीति तय करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा के लिए प्रधान कार्यालय के प्रमुख कार्यपालकों के साथ क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के प्रधानों की अगस्त, 1991 एवं जनवरी, 1992 में कारोबार नीति की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग की दो बैठकें आयोजित की गईं।

4.08 भाऔविनि क्रमिक रूप से कार्य के विकेन्द्रीकरण और प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों, दोनों के कार्यपालकों को प्राधिकारों के प्रत्यायोजन की अपनी नीति पर अमल करता रहा।

कार्मिक

4.09 मार्च, 1992 के अंत तक, भाऔविनि में कार्मिकों (क्षेत्रीय, शाखा और अन्य कार्यालयों के स्टाफ सहित) की कुल संख्या 1153 थी जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के 185, भूतपूर्व सैनिक 35, और शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों की संख्या 17 थी। उक्त तारीख तक महिला कर्मचारियों की संख्या 189 थी।

मानव संसाधन विकास

4.10 मानव संसाधन विकास के लिए गठित संचालन समिति (प्रशिक्षण) के समग्र दिशा-निर्देश और पथ-प्रदर्शन में पहले की ही भांति मानव संसाधन विकास पर अधिकाधिक ध्यान दिया जाता रहा। आर्थिक सुधारों के सूत्रपात के फलस्वरूप तथा वित्तीय संस्थानों के क्रियाकलापों में भी उदारता एवं विनियमन की नीति को समाविष्ट किए जाने के पश्चात् निगम के आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इस प्रकार गतिशील बनाया गया कि उभरती हुई चुनौतियों का सामना करने के लिए कार्यपालकों तथा स्टाफ के सदस्यों को अपेक्षित दृष्टिकोण एवं व्यावसायिक कुशलता प्रदान की जा सके। आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिन महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया उनमें विदेशी मुद्रा परिचालन, वित्तीय सेवाओं का विपणन, पोर्टफोलियो प्रबन्ध, लेखांकन नीति एवं कार्य-विधि, परिसम्पत्तियों एवं देयताओं इत्यादि को शामिल किया है। भाऔविनि के विभिन्न क्रियाकलापों के कम्प्यूटरीकरण के साथ-साथ पर्सनल कम्प्यूटरों पर कार्यारम्भ प्रशिक्षण सत्र पर विशेष बल दिया गया जिसमें इलेक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग विभाग द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर एप्लिकेशनों का उपयोग किया गया।

4.11 वर्ष के दौरान अलग-अलग अवधि के 82 आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से 36 कार्यक्रम प्रधान कार्यालय में, 25 बम्बई प्रशिक्षण केन्द्र में, 18 पटना प्रशिक्षण केन्द्र में तथा 3 हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित किए गए। कुल मिलाकर 212 दिनों के इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न स्तरों के 1249 भागीदारों (इनमें से कुछ एक से अधिक कार्यक्रमों में भी शामिल हुए) ने भाग लिया।

4.12 आन्तरिक प्रशिक्षण के पूरक कार्यक्रम के रूप में तथा अन्य संस्थानों/संगठनों के विद्वानों एवं शिक्षाविदों के साथ विचार-विनिमय के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रबन्ध विकास के लिए भाऔविनि द्वारा प्रायोजित संस्थान प्रबन्ध विकास संस्थान सहित देश के प्रसिद्ध संस्थानों द्वारा आयोजित 59 बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्टाफ के 78 सदस्यों ने भाग लिया। कारोबार विकास के दायरे को बढ़ाने के प्रयोजन से प्रधान कार्यालय में पोर्टफोलियो मैनेजमेंट पर तीन दिन का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बूज एलेन एंड हैमिल्टन के श्री डब्ल्यू० हॉवर्थ, विश्व बैंक के सलाहकार ने जुलाई, 1991 में प्रधान कार्यालय में क्रेडिट एसेट रिव्यू और नीतिगत नियोजन पर दो दिन की एक संगोष्ठी का संचालन किया।

4.13 भाऔविनि में विभिन्न पदों के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशियों को भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण प्रदान करने के बारे में सरकारी दिशा-निर्देशों पर भाऔविनि निरन्तर अमल करता रहा। वर्ष के दौरान इस प्रकार 17 भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

4.14 रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए वाणिज्यिक बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करने के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के अधीन भाऔविनि ने अपने पुनर्स्थापन वित्त विभाग में, वर्ष के दौरान वाणिज्यिक बैंकों के तीन कार्यपालकों को कार्योन्मुखी व्यावहारिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाई। इसके अतिरिक्त संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के तत्वावधान में डिवलपमेंट बैंक आफ घाना के एक अधिकारी को पुनर्स्थापन वित्त विभाग में कार्योन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग तथा संप्रेषण प्रणाली

4.15 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में भाऔविनि के प्रधान कार्यालय में आईसीआईएम 6040 मेनफ्रेम, यूनिक्स वातावरण में संचालित ईएसपीएल मिनी सिस्टम्स, डॉट मैट्रिक्स प्रिन्टर सहित पर्सनल कम्प्यूटर, वर्कनेट-II, यूनिक्स वातावरण में मल्टी-यूजर्स मोड में कार्य करने वाली

कम्प्यूटरीकृत टेलेक्स प्रणाली तथा पीसी फैक्स प्रणाली और भाओविनि के सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में पर्सनल कम्प्यूटरों सहित ईएसपीएल मिनी सिस्टम्स, प्रिन्टरों, डम्ब टर्मिनलों, इत्यादि को स्थापित करने का उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, अपेक्षाकृत अधिक अधिकारियों को डेस्क स्तर पर कम्प्यूटर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम के प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों तथा क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में डॉट मैट्रिक्स प्रिन्टर्स सहित 142 पर्सनल कम्प्यूटर लगाए गए। हिन्दी में विभिन्न निर्गम रिपोर्ट तैयार करने तथा हिन्दी में ही आगम आंकड़े प्रस्तुत करने के लिए उपर्युक्त में से 78 पर्सनल कम्प्यूटरों में जिस्ट कार्ड लगाए गए।

4.16 रुपया ऋण लेखांकन, सामान्य वित्तीय लेखांकन, विदेशी मुद्रा ऋण लेखांकन आदि क्षेत्रों में पहले से लगाए गए सॉफ्टवेयर पैकेजों की देख-रेख करने एवं उन्हें अद्यतन बनाए रखने के अतिरिक्त वर्ष के दौरान वित्तीय सेवाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अधीन सहायता हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थिति की तथा इन वित्तीय सेवाओं के अधीन की गई मंजूरियों एवं संवितरणों के सम्बन्ध में सूचना की मानिटरिंग करने के उद्देश्य से चूकों, बकाया राशियों तथा वचनबद्धताओं एवं वित्तीय सेवा सूचना प्रणाली से संबंधित प्रबन्ध सूचना प्रणाली के क्षेत्रों में नए एप्लिकेशन पैकेज विकसित किए गए। इसके अलावा निवेश पोर्टफोलियो तथा प्रबन्ध लेखांकन प्रणाली में 'ऑन लाइन' सुविधा की भी व्यवस्था करने के लिए इन्हें परिशोधित किया गया ताकि यह प्रयोक्ता के लिए और अधिक सुविधाजनक हो सके जिसे प्रयोक्ता स्वत: परिचालित कर सके।

4.17 जैसा कि गत वर्ष की रिपोर्ट में बताया गया था, सी एम सी लिमिटेड को प्रदत्त संविदा के अनुसरण में उसने कम्प्यूटर प्रणाली के नेटवर्किंग पर अपनी अंतिम रिपोर्ट दे दी है तथा जिन स्थानों पर 'बैकनेट' सुविधाएं उपलब्ध हैं, उन स्थानों में स्थित भाओविनि के कार्यालयों में इस प्रणाली को प्रारम्भिक रूप से जोड़ने के लिए सम्प्रेषण माध्यम के मूलाधार के रूप में बैकनेट व्यवस्था की सिफारिश की है। जिन स्थानों पर बैकनेट सुविधाएं उपलब्ध हैं, उन सभी स्थानों पर भारतीय रिजर्व बैंक ने भाओविनि को उक्त सुविधा प्रदान करने पर सहमति प्रकट की है।

स्टाफ के लिए कल्याण कार्य

4.18 भाओविनि के स्टाफ कल्याण कार्यों में सामाजिक सुरक्षा, आवास एवं चिकित्सा सुविधाएं पहले की ही भांति मुख्य आधार बनी रहीं। विभिन्न प्रकार के स्टाफ कल्याण कार्यों, जैसे कि उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद एवं बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु ऋण सुविधाएं, भाओविनि के विभिन्न कार्यालयों के मनोरंजन क्लबों को शैक्षणिक दौरों, इनडोर-आउटडोर खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं स्टाफ कालोनियों के निवासी कल्याण संघ आदि द्वारा आयोजित समारोहों के अनुदान के लिए स्टाफ कल्याण निधि संसाधनों की मुख्य स्रोत बनी रही।

सामुदायिक कल्याण

4.19 भाओविनि ने वर्ष के दौरान कैन्सर सेंटर एंड वेलफेयर होम, कलकत्ता को कैन्सर के मरीजों के उपचार हेतु अतिरिक्त कोबाल्ट मशीन की स्थापना-लागत को अंशत: पूरा करने के लिए पांच लाख रुपए का अंशदान दिया। भाओविनि ने उत्तरकाशी क्षेत्र के भूकम्प पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में दो लाख रुपए का अंशदान दिया। भाओविनि के अधिकारियों एवं स्टाफ ने भी इन भूकम्प पीड़ितों की मदद के लिए 1.43 लाख रुपए का अंशदान किया। भाओविनि ने अवेहीं पब्लिक चैरिटेबल (शैक्षणिक) ट्रस्ट, अम्बई, जो कि ज्ञान का विस्तार करने, जागरूकता पैदा करने और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में सुधार लाने तथा अन्य सामुदायिक कल्याण कार्यों में लगा हुआ है, को 50,000 रुपए का अंशदान दिया।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

4.20 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाओविनि द्वारा भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन तथा भाओविनि के शासकीय कार्यों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए। हिन्दी में विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों, विशेषकर हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया, ताकि भाओविनि के कर्मचारी अपना शासकीय कार्य हिन्दी में कर सकें। हिन्दी प्रशिक्षण के लिए बनाए गए समयबद्ध कार्यक्रम के परिणामस्वरूप निगम ने अपने टाइपिस्टों को हिन्दी टंकण में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु वर्ष 1991-92 के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। हिन्दी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों को हिन्दी में टिप्पण एवं प्रारूपण का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान कार्यालय के अतिरिक्त अम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालयों एवं बंगलौर, अहमदाबाद और भोपाल शाखा कार्यालयों में हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

4.21 प्रधान कार्यालय सहित निगम के प्रत्येक क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियां, राजभाषा नियमों के कार्यान्वयन पर निरन्तर निगरानी रखती रहीं और सम्बन्धित कार्यालयों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय सुझाती रहीं। नोडल प्वाइंट की बैठकों, जिनमें प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों एवं प्रभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए गए। भाओविनि के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों ने पहले ही की भांति भारत के विभिन्न नगरों में गठित नगर स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

4.22 विगत वर्षों की भांति ही समीक्षाधीन वर्ष में भी राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अन्तर्गत जारी किए जाने वाले सभी दस्तावेज, यथा-प्रशासन परिपत्र, परिचालन परिपत्र, कार्यालय आदेश, अधिसूचना, विज्ञापन तथा सामान्य आदेश आदि द्विभाषिक रूप में जारी किए गए। कम्प्यूटर पर हिन्दी में काम को बढ़ाने के लिए प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों/प्रभागों को तथा सभी क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों को 'अक्षर' सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराए गए। कम्प्यूटर पर हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रयोक्ता के लाभ हेतु कम्प्यूटर पर हिन्दी में काम करने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण अभियान शुरू किया गया जिसके अन्तर्गत अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए। निगम के अधिकांश कार्यालयों में द्विभाषिक टेलेक्स पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं।

4.23 भाऔविनि ने 14 एवं 15 दिसम्बर, 1991 को जयपुर में आयोजित तृतीय अखिल भारतीय बैंक राजभाषा सम्मेलन में भी भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में भाऔविनि को उक्त प्रदर्शनी में प्रदर्शित अपने हिन्दी प्रकाशनों के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान किया गया। विकास बैंकिंग तथा इससे सम्बन्धित विषयों पर हिन्दी माध्यम से अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाऔविनि ने हिन्दी फैलोशिप प्रदान करने का निर्णय लिया जिसके अन्तर्गत मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों में विकास बैंकिंग, उद्यमीयता विकास, वित्तीय सेवा प्रबन्ध, निवेश विश्लेषण आदि से सम्बन्धित अनुसंधान क्षेत्रों में हिन्दी माध्यम से डॉक्टरेट अनुसंधान उपाधि के लिए कार्य कर रहे अनुसंधानकर्ताओं को फैलोशिप प्रदान की जाएगी।

आन्तरिक लेखा-परीक्षा

4.24 प्रधान कार्यालय के आन्तरिक लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग, जो कार्यपालक निदेशक के माध्यम से अध्यक्ष को रिपोर्ट करता है, ने भाऔविनि के राजस्व का पूर्ण एवं सही लेखांकन, संसाधनों, का अनुकूलतम उपयोग सुनिश्चित किया और उत्पादकता एवं कार्यक्षमता में सुधार लाने पर विशेष जोर देते हुए निगम की कार्य पद्धति एवं कार्य प्रक्रिया की प्रभावकारिता के बारे में प्रबन्धन को सूचना दी। वर्ष के दौरान, आन्तरिक लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग ने वित्तीय सेवाओं सहित ऋणों एवं अग्रिमों से प्राप्त आय के शत-प्रतिशत सत्यापन के अतिरिक्त संवितरणों, वसूलियों, संवितरण के पश्चात अनुवर्तन, बीमा एवं विधिक प्रलेखन आदि कार्यों का भी निष्पादन किया। पूरे वर्ष के दौरान आन्तरिक लेखा-परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग ने लेखा-परीक्षा के प्रेक्षणों एवं विधि लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों के आधार पर की गई उपचारात्मक कार्रवाईयों के अनुपालन पर निरन्तर गम्भीरतापूर्वक ध्यान रखा। विधि लेखा परीक्षा, जिसमें विधिक दस्तावेजों के वास्तविक सत्यापन, ऋण प्रलेखों की प्रसंविदाओं के अनुसार प्रतिभूति प्रावधानों की समीक्षा, बकाया कानूनी कार्यों की स्थिति का अनुवर्तन आदि शामिल है, को भी पिछले कुछ वर्षों से आन्तरिक लेखा-परीक्षा में एकीकृत कर दिया गया है।

42वीं वार्षिक रिपोर्ट (1989-90) के लिए रजत शील्ड

4.25 दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली ने, वर्ष के दौरान बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से प्राप्त प्रविष्टियों में से भाऔविनि की 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष की 42वीं वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा को सर्वोत्तम पाया तथा भाऔविनि को रजत शील्ड प्रदान की। यह तीसरा अवसर है जबकि भाऔविनि को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व भाऔविनि को वर्ष 1984-85 और 1986-87 की वार्षिक रिपोर्टों के लिए रजत शील्ड प्राप्त हुई थी।

आभार

4.26 भाऔविनि का निदेशक बोर्ड भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, निदेशालयों, विभागों, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक तथा अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, वाणिज्यिक बैंकों, सहयोगी पूंजीगत-वित्त तथा मर्चेण्ट बैंकिंग संगठनों, विभिन्न राज्य सरकारों, राज्य स्तर के विभिन्न वित्तीय एवं विकास संगठनों, आदि से प्राप्त सहायता, सहयोग, सलाह, मार्गदर्शन और समर्थन के लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है।

4.27 निदेशक बोर्ड विदेशों में स्थित विभिन्न विकास वित्तीय संस्थानों, विशेष रूप से विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक, क्रेडितांस्टाल्ट-फर-वाइडरफबाऊ, जर्मनी, एशिया एवं प्रशान्त के विकास वित्तीय संस्थानों के संघ और विदेश स्थित अनेक सम्पर्ककर्ता बैंकों तथा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग समुदाय के सदस्यों द्वारा भाऔविनि को प्राप्त निरन्तर सहयोग के लिए भी उनके प्रति आभार व्यक्त करता है।

